पुनरवलोकन करने	ऊपर दिए सात 'में हूँ' विशेषताओं को लेकर चर्चा करें कि इनमें से हर एक विशेषता से कैसे पता चलता है कि यीशु परमेश्वर का पुत्र है।	बिरीया के लोग जब पौलस और सीलास सीखाते समय सीखने के लिए उत्सक थे, और शास्त्रों को प्रतिदिन खोजते रहे की ये बातें सही है कि नहीं। **(प्रेरितों 17: 10-12)** हमें सावधान रहना चाहिए की हम चीजों पर ऐसे ही विश्वास न करे क्योंकि एक प्रचारक या नेता ने वैसे कहा था। हमें बाइबल से खुद जवाब खोजने की ज़रूरत चाहिए।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. बच्चों को यह कहने के लिए चनौती दें कि क्या उनका मानना है कि यीशु भगवान का पुत्र है। 2. यदि हां, तो क्या उन्होंने उस पर भरोसा रखा है और अनंत जीवन प्राप्त किया है? **(यूहन्ना 1: 12,13, 5: 24)** 3. अगर हमें अनन्त जीवन प्राप्त हुआ है तो हम स्वर्ग के रास्ते जा रहे हैं। और हमारे जीवन के लिए परमेश्वर की इच्छा जानने के लिए हर दिन हमे बाइबल पढ़ना चाहिए। और हर दिन हमें प्रभ यीश को उसकी दया के लिए धन्यवाद देना चाहिए। और बाइबल में जो कछ भी हम पढ़ते हैं उसे जीवन में पालन करने की शक्ति के लिए प्रार्थना करनी चाहिए।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. क्या हम हर दिन बढ़ने की कोशिश करते हैं? क्या हम बाइबल पढ़कर प्रार्थना करते है और परमेश्वर के बारे में अधिक जानना चाहते हैं ताकि हमारा विश्वास मजबूत किया जा सके? परमेश्वर के वचन का अध्ययन करके और पवित्र आत्मा द्वारा निर्देशित होकर ही हम जीवन में बढ़ सकते है। 2. बिरीया के लोगों के साथ हम अपने आप को कैसे तलना कर सकते हैं? क्या हमे सिखाते लोगों को ध्यान से सनते हैं? क्या हम शास्त्रों को उत्तर के लिए प्रतिदिन खोजते हैं? 3. चर्चा करें कि हम कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि बाइबल परमेश्वर का वचन है।

	B9 – लेवल 3 कहानी 1- मूसा टोकरी में बच्चा।	B9 – लेवल 4 कहानी 1- मूसा राजकुमार।
	बाइबल अनुभाग: निर्गमन 1: 6 - 14, 22 और 2: 1-10 *मुख्य पद : इब्रनियों 11: 23* **हम सीख रहे की :** 1. इस्राएलियों मिस्र में ताक़त और संख्या में इतनी वृद्धि प्राप्त किया की फिरौन ने सोचा कि युद्ध के समय वे उनके लिए खतरा पैदा करेंगे। इसलिए उसने आदेश दिया कि सभी नवजात बेटे को मार दिया जाए। 2. परमेश्वर मूसा द्वारा फिरौन को हराकर इस्राएलियों को दासता से मुक्त करने जा रहा था, इसलिए उसने छोटे मूसा को नील नदी में डूबने से संरक्षित रखा।	*बाइबल अनुभाग: निर्गमन 1: 5-22; 2: 1-25* *मुख्य पद : इब्रनियों 11: 23* **हम सीख रहे की :** 1. इस्राएलियों मिस्र में ताक़त और संख्या में इतनी वृद्धि प्राप्त किया की फिरौन ने सोचा कि युद्ध के समय वे उनके लिए खतरा पैदा करेंगे। इसलिए उसने आदेश दिया कि सभी नवजात बेटे को मार दिया जाए। 2. मूसा के जीवन के लिए परमेश्वर को एक योजना था - वे मिस्र की दासता से इस्राएलियों को मुक्त करने जा रहा था।
पहचान कराने	????????? ?????????	B7 & B8 की समीक्षा करें। बच्चों को समझाएं कि युसूफ की मृत्यु के वक्त इस्राएल एक बड़ा विस्तारित परिवार था। वे एक बड़े राष्ट्र बन गए, जो नए फिरौन को चिंतित किया और उसने उन्हें ग़ुलाम बना दिया। लेकिन परमेश्वर उन्हें हमेशा याद करके इस्राएल राष्ट्र के लिए अपनी योजना को पूरा करेंगे।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को पेश करें** **चर्चा करें और समझाएं:** 1. फिरौन राजा बना **(1:7)** और इस्राएलियों की समृद्धि उत्पीड़न में बदल जाती है **(1: 8-11)** लेकिन परमेश्वर की नजर उनपर था और उन्हें संरक्षित रखा गया। **(1:12)** 2. फिरौन ने संख्या को और बढ़ने से रोकने के लिए एक आदेश दिया कि सभी नवजात बेटे को मार डाला जाए। **(1: 15-20)** 3. मूसा, अम्राम और योकेबेद का पुत्र था। पैदा होने के बाद तीन महीने के लिए उन्होंने उसका देखभाल किया। फिर उसे एक छोटी टोकरी में रखा और नील नदी के किनारे छोड़ा दिया। **(2:1-3)** 4. परमेश्वर ने मूसा के जीवन को संरक्षित किया। और ऐसा करने के लिए परमेश्वर ने मूसा की माँ, बहन और फिरौन कि पुत्री की उपयोग किया। **(2: 4-9)** 5. फिरौन की पुत्री के बेटे होने के परिणामस्वरूप मूसा को उच्च स्तर की शिक्षा मिली **(प्रेरितों 7: 22)** और वे मिस्र के सिंहासन के उत्तराधिकारी भी थे। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 1 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. फिरौन भयभीत था कि इस्राएली मिस्र राज्य के लिए खतरा होंगे, इसलिए उन्होंने उन्हें बढ़ने से रोकने के लिए उन्हें गुलाम बनाया। **(1; 8-11)** 2. इस्राएली ओर मजबूत हो गए, इसलिए फिरौन ने धाईयों को जन्म देने वाले सभी बच्चों को मारने का आदेश दिया। लेकिन धाईयों ने उनके आदेशों के खिलाफ जाकर बच्चों की जान बचाने लगी। **(1: 15-20)** 3. मूसा के जन्म के तीन महीने बाद, एक छोटी सी नाव बनाई गई थी और उसकी मां ने उसे नील नदी के किनारे रखा। **(2:1-3)** 4. फिरौन की पुत्री ने मूसा को बचाया और अंततः मूसा की मां उसका दाई बनी। **(2:4-9)** 5. मूसा महल में बड़ा हुआ। और बड़े होने पर, उन्होंने इस्राएली दासों की मदद करके अपनी शक्ति दिखाने शुरू करने लगा। 6. उसने एक मिस्री को एक इस्राएली दास को वह मारते हुए देखा और उसने उसका हत्या कर दिया। और इस कारण उसे मिध्यान देश की ओर भाग गया। **(2: 11-15)** **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 1 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	में बच्चों से संक्षेप में पूछें की उन्होंने क्या सीखा: i) मूसा के जन्म किस परिस्थिति में हुआ था। ii) उसका संरक्षण। iii) उसकी देखभाल। iv) उनकी शिक्षा। v) मिस्र में वह क्या स्थिति हासिल कर सकता था।	अध्ययन 1 से इस पाठ से संबंधित प्रश्न पूछकर की समीक्षा करें। इस बारे में सोचिए कि कैसे धाईयों और मूसा के माता पिता ने देश का कानून का पालन नहीं किया। इस बारे में चर्चा करे कि क्या मसीही को देश का कानून की पालन करना चाहिए या ऐसी कोई परिस्थितियां है जहाँ ऐसा करना मुश्किल होगा।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** परमेश्वर ने बच्चे मूसा के जीवन को नियंत्रित और निर्देशित किया क्योंकि उनके जीवन के लिए परमेश्वर को एक महान योजना था। ऐसे ही जब हम उद्धार के लिए उनके पुत्र प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करेंगे तो वे हमारे जीवन को नियंत्रित और मार्गदर्शन देंगे।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. मूसा के माता-पिता और धाईयों परिस्थिति निराशाजनक होने पर भी सही के लिए खड़े हुए, क्योंकि वे परमेश्वर में भरोसा करते थे और उन्हें डरते थे। क्या हम कठिन समय में प्रभु के लिए सच्चे रहते हैं? 2. मूसा के पाप लगभग प्रत्यक्ष में था। हम कभी कभी सोचते हैं कि हम छोटे पापों करने के बाद बच निकल सकते है। लेकिन पापी हमेशा पकड़ा जायेगा, किसी गवाह से या वह परमेश्वर से जिससे कुछ भी छिपा नहीं है।

	B9 – लेवल 3 कहानी 2- मूसा बड़ी गलती।	B9 – लेवल 4 कहानी 2- मूसा चरवाहा।
	बाइबल अनुभाग: निर्गमन 2: 11-22 *मुख्य पद : गिनती 32: 23* **हम सीख रहे की :** 1. मूसा अपने लोगों की मदद करना शुरू करना चाहता है। 2. भले ही हम इसे दूसरे से छिपाने की कोशिश कर सकते हैं लेकिन हम प्रभु यीशु से हमारे पाप को छिपा नहीं सकते। 3. जब हम अपने पाप से पश्चाताप करके प्रभु यीशु के सामने सच्चाई से स्वीकार करे तो वह हमें माफ कर देंगें। (1 यूहन्ना 1:9)	*बाइबल अनुभाग: निर्गमन 3: 1-16; 4: 1-17* *मुख्य पद : प्रेरितों 7: 35* **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर मूसा को प्रकट होकर उससे अपने लोगों को बचाने के लिए वापस जाने के लिए कहता है। 2. परमेश्वर मूसा से वादा करता है की वे उसके साथ हमेशा रहेंगे।।
पहचान कराने	बच्चों को याद दिलाएं कि कैसे पाठ 1 के अंत में कैसे मूसा फिरौन की पुत्री का बेटा बना और महल में बड़ा हुआ था। इस अध्याय में वह अब चालीस वर्ष का है **(प्रेरितों 7:23)** और इस्राएलियों के प्रति मिस्री के व्यवहार के बारे में वह बहुत चिंतित था। मिस्री की हत्या **(निर्गमन 2:14)** उसने जोश में किया, लेकिन हत्या करना पाप था। फिर भी परमेश्वर अपने लोगों को आज़ाद करने के लिए मूसा का उपयोग करने जा रहा था, लेकिन यह काम करने के लिए पहले उसे चालीस साल इंतजार करना था।	बच्चों को समझाओ कि निर्गमन 3:1 में बताए गए होरेब पर्वत और सीनै पर्वत एक ही है। और मूसे के जीवन में इस का एक बहुत ही महत्वपूर्ण जगह है। **निर्गमन 3:12** में परमेश्वर मूसे को बताता है: 'तुम इसी पाहड़ पर परमेश्वर की उपासना करोगे।' इस पर्वत पर परमेश्वर ने मूसा से बात की और उसे दस आज्ञाओं / वाचा दी। **(19: 1-20)**
पूरा करने	**बाइबल कहानी को पेश करें** **चर्चा करें और समझाएं:** 1. मूसा इस्राएलियों की दुर्दशा के प्रति बहुत संवेदी था, लेकिन परमेश्वर उससे नाराज था क्योंकि उसने मिस्री किया था। ऐसे स्थिति में उसे मार्गदर्शन के लिए परमेश्वर से प्रार्थना करने चाहिए था। 2. मूसा ने सोचा कि वह अपने आप ही स्राएलियों को आजाद करेगा, लेकिन यह परमेश्वर की योजना नहीं था। 3. जब उसका पाप का खुलासा हुआ, वह मिध्यान देश भाग गया। **(2:15)** 4. मिध्यान में एक कूएं में वह अपनी भावी पत्नी सिप्पोरा से मिले **(2:21)** और उन्हें दो बेटे पैदा हुए। एक बेटे का नाम गेर्शोम था जिसका मतलब 'अजनबी' था। यह नाम मिध्यान देश में मूसा की अकेलापन की भावना व्यक्त करता था। उसको एलीएजेर नाम का एक और बेटा भी था जिसका अर्थ है 'प्रभु मेरा सहायक' मिस्री को मारने की सजा में उसे मारने की कोशिश कर रहे फिरौन से उसे बचाने के लिए मूसा परमेश्वर का आभारी था। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 2 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. मूसा मिस्र से भाग कर अब मिध्यानियों के बीच रह रहा था। 2. परमेश्वर जलती हुई झाड़ी से मूस से बात की और मूसा अपने जूते को सम्मान में उतार दिया। जब परमेश्वर ने व्यक्त किया कि वह चाहते है कि मूसा जाकर इस्राएलियों को मिस्र से बाहर लाए, मूसा ने इस काम के लिए अपना अपर्याप्तता घोषित किया। **(3:10-11)** 3. जबकि मिस्र के कई देवता थे, परमेश्वर ने मूसा से कहा की वह जाकर इस्राएलियों को बताये, 'जिसका नाम में हूँ है उसी ने मुझे तुम्हारे पास भेजा है' **(3:14)** - सच्चा और युगायुग एक सा रहने वाला एकमात्र परमेश्वर! 4. यह स्थापित करने की वह ही वास्तव में सच्चा परमेश्वर है और अपनी शक्ति को दिखाने के लिए परमेश्वर मूसा की लाठी का उपयोग करता है और इसे एक सांप में बदल देता है। 5. अन्त में परमेश्वर हारून को उसके तरफ से बोलने के लिए सहमत हुए। और परमेश्वर की आदेश को मूसा हारून को बताएंगे। **(निर्गमन 4:16)** 6. मूसा इस्राएलियों को आज़ाद करने की मांग लेकर फिरौन को मिलने मिस्र फाटा है। यह शायद उनके जीवन की सबसे बड़ी चुनौती थी। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 2 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	**प्रेरितों 7: 23-29** को पढ़कर इस पाठ की समीक्षा करें। और बच्चों से पाठ 2 से संबंधित पूछे गए प्रश्न पूछें ताकि उन्हें यह पाठ पूरा करने में मदद मिले।	मूसा के एक पोस्टर बनाएं जो परमेश्वर द्वारा इस्राएलियों को मिस्र की गुलामी से बाहर लाने के लिए भेजे जाने पर उसका सोच को दिखाता है।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. हमारी विचारों के अनसार नहीं उनके इच्छानुसार उसके सेवा करने को हमें मार्गदर्शन के लिए प्रभु यीशु से पूछने का महत्व। 2. हमारे पाप को ढंकने के बजाय उसे स्वीकार करना। बच्चों को याद दिलाएं कि परमेश्वर सभी को जानता है और उनसे छिपकर हम कुछ भी कर नहीं सकते।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. जो परमेश्वर मूसा को प्रकट हुआ वही आज हमारे दिल और जीवन में रह सकते हैं। बच्चों को चुनौती दें कि यदि परमेश्वर अपने दिल में रहकर उनके जीवन को नियंत्रित करता है की नहीं। 2. अगर परमेश्वर हमें कुछ करने के लिए मसीह के अनुयायियों के रूप में बुलाता है, वह उस काम पूरा करने में हमें मदद करेगा। जैसा कि हारून के मामले में उसे मूसा की ओर से बोलने के लिए चुना गया था।

	B9 – लेवल 3 कहानी 3- मूसा जलती झाडी।	B9 – लेवल 4 कहानी 3- मूसा नेता।
	बाइबल अनुभाग: निर्गमन 2: 23-25; 3: 1-10 *मुख्य पद : निर्गमन 15: 11* **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर जानता था कि इस्राएलियों को मिस्र के नए राजा ने गुलाम बना दिया था लेकिन वह उन्हें वापस कनान देश लाने जा रहा था। 2. परमेश्वर मूसा को मिस्र से इस्राएलियों को आज़ाद करके कनान देश ले जाने के लिए बुलाया।)	*बाइबल अनुभाग: निर्गमन 7: 1-25* *मुख्य पद : नीतिवचन 29: 1* **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर की शक्ति किसी भी इंसान या संगठन की तलना में अधिक है - वह शक्तिशाली है - वह सर्वशक्तिशाली है 2. कुछ लोग अपने परेशानियों के वक्त में ही परमेश्वर को याद करता हैं और जब सब चीजें अच्छी तरह से चल रही है वह परमेश्वर को भूल जाते है।
पहचान कराने	बच्चों के साथ वर्तमान स्थिति पर चर्चा करें; मूसा मिस्र छोड़कर मिध्यान में अपने नए जीवन में बस गया है। उसे मिस्र लौटने का कोई इरादा नहीं है, क्योंकि फिरौन उसे मारना चाहता है। इस्राएलियों अभी भी मिस्र में बहुत पीड़ा सह रहे थे और मदद के लिए परमेश्वर से याचना कर रहे थे। परमेश्वर मूसा के माध्यम से उसके याचिका का जवाब देना शुरू कर देता है।	बच्चों के साथ विचार करें कि मिस्र में उसके साथ होने वाले चीज़ों के बारे में बिल्कल बेखबर होकर मूसा कैसे महसूस कर रहे थे। जब हम किसी चौज़ के बारे में परेशान होते हैं कभी-कभी हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत होती है कि आगे क्या होगा, ऐसा क्यों हो रहा है और हमारी मदद कौन कर रहा है। परमेश्वर मूसा के लिए **निर्गमन 7: 1-5** में ऐसा किया।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को पेश करें** **चर्चा करें और समझाएं:** 1. इस्राएलियों की हालत को परमेश्वर ने - देखा, सुना और वह अपने दुखों को जानता था। **(2: 23-25)** 2. परमेश्वर उनकी रोना सुनता है और सीनै पर्वत में मूसा को प्रकट होता है। जलती झाडी की घटना से वह स्थापित करता है की वास्तव में वह कौन है और उसकी पवित्रता का भी प्रदर्शन करता है। 3. परमेश्वर इस्राएलियों के लिए उनकी देखभाल के बारें में बताता है **(पद 7)** कैसे वह उन्हें फिरौन से छड़ाएगा **(पद 8)** और यह भी की उन्हें मिस्र से बाहर लाने के लिए वे मूसा का उपयोग करने जा रहा है। **(पद 10)** 4. बच्चों को याद दिलाएं कि बाइबल में 'पवित्र' शब्द का पहला ज़िक्र **निर्गमन 3: 5** में होता है। और अपने जूते को उतारकर मूसा ने यह स्वीकार किया की जिस जगह पर वह खड़ा है, वह पवित्र था। हमारे परमेश्वर को हमेशा श्रद्धा और सम्मान देना चाहिए। 5. जलती हुई झाड़ी में परमेश्वर के साथ उनकी मुलाकात से मूसा परमेश्वर की पवित्रता और उनकी शक्ति के बारें मंथ कुछ सीखने जा रहा था। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 3 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. परमेश्वर ने मूसा को एक शक्तिशाली व्यक्ति बनाया - 'मैंने तुझे फिरौन के लिए परमेश्वर सा ठहराता हूँ' **(7:1)** मूसा सुनने का योग्य था लेकिन फिरौन सारे आदेशों का इनकार कर दिया। 2. मूसा और हारून ने प्रभ के आदेश का पालन किया और जब हारून ने फिरौन के पहले अपनी लाठी डाली और वह एक सांप बन गया और जब फिरौन जादूगरों ने अपनी लाठी डालीं वे भी साँप बन गए। लेकिन हारून की लाठी ने जादूगरों की लाठी को निगल गई। इससे हम परमेश्वर की शक्ति देख सकते है। **(7: 8-12)** 3. मूसा और हारून ने लाठी से नील नदी के जल पर मारा और यह लहू में बदल गया। मछलियों मर गई, और पानी पीने, खेती, स्नान और मछली पकड़ने के लिए बेकार हो गया। **(7: 20-21)** 4. फिरौन ने मूसा की मांगों का विरोध किया और लोगों को जाने नहीं दिया। **5. अध्याय 8-10** को पढ़कर यह जाने की इस्राएलियों को आज़ाद करने के लिए परमेश्वर ने फिरौन और मिस्र पर और क्या विपत्तियाँ भेजा था। लेकिन उसका दिल और कठोर हो गया और उसने फिर उन्हें जाने से इनकार कर दिया। फिर से फिरौन के इनकार ने यह सुनिश्चित किया की अन्त में हमेशा परमेश्वर की योजना संभव होता है। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 3 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	**प्रेरितों 7: 30-35** के संदर्भ में सबक की समीक्षा करके बच्चों को समझाएं। बच्चों को दिखाएं कि कैसे स्तिफनुस ने मूसा और जलती झाडी की घटना का उल्लेख किया था।	बच्चों के साथ चर्चा करें की मुख्य पद और इस अध्याय का संबंध क्या है।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. हमें याद रखना चाहिए कि परमेश्वर पवित्र है और हम उसे श्रद्धा और सम्मान देना चाहिए जिसका वह योग्य है। दूसरों कई लोगों की तरह हमें परमेश्वर का नाम कभी व्यर्थ में लेना नहीं चाहिए। 2. परमेश्वर पवित्र है फिर भी उसने हम जैसे पापियों के लिए मरने के लिए अपने पत्र, प्रभ यीश मसीह को भेजा। अगर हम परमेश्वर के पत्र पर भरोसा करते हैं वे हमारे कोई भी पाप को क्षमा करने के लिए तैयार है।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. नदी को लहू में बदलना एक चमत्कारी घटना थी, लेकिन जब हम प्रभ यीश और क्रूस पर उनके काम पर भरोसा करते हैं तब परमेश्वर हमारे जीवन में इससे ज़्यादा चमत्कार कर सकते हैं। **2. भजन संहिता 105: 23-29** पढ़े और विचार करें कि सारे चीज़े परमेश्वर के नियंत्रण में कैसे है। आज की दुनिया में इसके निहितार्थ पर विचार करें

	B9 – लेवल 3 कहानी 4- मूसा परमेश्वर का सन्देश लाना।	B9 – लेवल 4 कहानी 4- मूसा उद्धारक।
	बाइबल अनुभाग: निर्गमन 5: 1-9, 22,23; 6: 1-9 *मुख्य पद : इब्रानियों 10: 31* **हम सीख रहे की :** 1. मूसा और हारून ने फिरौन से मिला और अनुरोध किया की वह इस्राएलियों को जाने दे, लेकिन फिरौन उनका एक नहीं सुना। 2. प्रभ मूसा को आश्वासन देता है कि फिरौन इस्राएलियों को ज़रूर जाने देगा क्योंकि वह उन्हें जाने के लिए मजबूर करने वाला था।	*बाइबल अनुभाग: निर्गमन 11: 1-10; 12: 1-13 ; 21-42* *मुख्य पद : यूहन्ना 1: 29; 1 कुरिन्थियों 5: 7* **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर ने मिस्रियों को उनके अवज्ञा के लिए अपना न्याय दिखाया, लेकिन उन्होंने इस्राएलियों को उनकी आज्ञाकारिता के लिए अपनी दया दिखायी। 2. फसह का मेम्ने प्रभु यीशु की मृत्यु और पुनरुत्थान की ओर इशारा करता है जिसने क्रूस पर उसकी मृत्यु से हमारे पापों की सजा अपने ऊपर लिया था।
पहचान कराने	बच्चों को समझाओ कि परमेश्वर ने मूसा को वापस मिस्र जाने के लिए आदेश दिया था। आगे के बारें में सोचकर मूसा डरा हुआ था। परमेश्वर ने उसके साथ रहने का वादा किया लेकिन मूसा को यह नहीं पता था कि फिर से उसे देखने पर फिरौन का प्रतिक्रिया कैसे होगा। इसलिए परमेश्वर ने उसका भाई हारून को उसकी मदद करने के लिए बुलाने के लिए कहा।	मिस्र जैसे शक्तिशाली राष्ट्र परमेश्वर की अब्रहम और इस्राएलियों के प्रति अपने वादे को पूरा करने से रोक नहीं सका। इस आखिरी विप्पति के परिणामस्वरूप मिस्र में गलामी के अंत हुआ और इस्राएलियों लाल समुद्र से बीच से होंकर जंगल में पहुँचा। अब इस्राएलियों को परेश्वर की न्याय से सुरक्षित रहने के लिए मूसा कि आज्ञा का पालन करना होगा।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को पेश करें** **चर्चा करें और समझाएं:** 1. जब इस्राएलियों को जाने देने के लिए कहा गयाफिरौन ने मूसा और हारून द्वारा परमेश्वर के अनुरोध का पालन करने से इंकार कर दिया। **(5:4)** 2. फिरौन ने इस्राएलियों के काम का बोझ को बढ़ाकर उन्हें ईंट बनाने के लिए पुआल अपने आप इकट्ठा करने का आदेश दिया। **(5: 6, 7)** 3. मूसा ने इस मामले के बारे में परमेश्वर से बात की और उसने उसे आश्वासन दिया कि वह मिस्र से इस्राएलियन को आज़ाद कर देगा। **(5: 22, 23 - 6: 1)** 4. **निर्गमन 6: 6-8** में परमेश्वर ने 'में करूंगा' 7 बार कहा और **निर्गमन 6:2** में कहा 'में यहोवा हूँ' वह मूसा और हारून को अपनी शक्ति और उसके वादों पर विश्वास कराना चाहता था। परमेश्वर ने यह भी सुनिश्चित किया कि, इसके तुरंत बाद, फिरौन और मिस्र देश पर 10 विपत्तियों (पीड़ा) भेजने पर वे भी उनके शक्ति देखेंगे। 5. मूसा इस बात इस्राएलियों से भी कहते है लेकिन वे बहुत निराश थे।और अपने दासता और उत्पीड़न से इतना टूटा हुआ था की उनके लिए कुछ भी विश्वास करना मुश्किल था। **(6:9)** **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 4 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. मूसा और हारून ने फिरौन को चेतावनी दी थी की यदि उसने 9 विपत्तियों को अनदेखा क्या थो परमेश्वर और नाश करने वाले थे। **(भजन संहिता 105: 26-36)** फिर अंतिम चेतावनी दी गई। **(11: 4-6)** 2. फसह का आयोजन किया गया और इस्राएलियों को एक निर्दोष मेम्ने के खून को अपने घर के द्वार के दोनों अलांगों और चौखट के सिरे पर लगाने का निर्देश दिया जाता है। 3. मेम्ने के महत्व की व्याख्या करें: यह एक बलिदान कैसे था, घर में पहिलौठे पत्र के स्थान पर वह मर रहा था। पहिलौठे पत्र को मरने से बचने के लिए मेम्ने का मरना ज़रूरी था। **(12: 1-7)** 4. मध्यरात्रि उन पर झटका गिरा और मिस्र के हर पहिलौठे बच्चे को मर डाला गया। लेकिन इस्राएली बच्चों को बचाया गया क्योंकि मेम्ने की लहू दरवाजे के अलांगों और चौखट पर लगाया था। **(12: 29, 30)** 5. अंत में फिरौन ने इस्राएईलों को जाने दिया। 430 सालों के बाद अब मिस्र से इस्राएलियों का निर्गमन शुरू होता है। **उत्पत्ति 15: 13,14** में अब्रहम के लिए परमेश्वर का वादा पूरा हो रहा था। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 4 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	गौर करें कि परमेश्वर ने मूसा से पहले ही क्या कहा था फिर भी मूसा ने फिरौन से इंकार सुनने के बाद परमेश्वर से कैसे प्रतिक्रिया किया। इस्राएलियों ने मूसा और हारून को देखा और उन्हें दोषी ठहराया, बदले में मूसा, परमेश्वर को दोषी ठहराया। एक बार फिर से परमेश्वर ने दिखाया की अपने उद्देश्य को समझाने के लिए वे कितना सहनशील और दयालु था। और उनके प्रति उनका उद्देश्य और वादा था 'मैं भगवान हूँ'	बच्चों को यह सोचने के लिए प्रोत्साहित करें कि फसह क्या दर्शाता है: इस्त्राइलियों के स्थान में निर्दोष खून का बलिदान। यह भी विचार करें कि यह आने वाले एक बड़ा बलिदान का प्रतीक है। (हमारे स्थान पर निर्दोष प्रभु यीशु के बलिदान - वह परमेश्वर का मेम्ना था)
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. परमेश्वर चाहता है कि हम यह समझें कि वह एक सर्वशक्तिशाली है। 2. परमेश्वर चाहता है कि हम यह समझें कि परमेश्वर की अवज्ञा करना बहुत गंभीर बात है। 3. परमेश्वर चाहता है कि मश्किल समय पर भी हम हमेशा उस पर भरोसा कर सकते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि वह हमें कभी त्याग नहीं देगा, और हमारे जीवन के लिए हमेशा उसका एक योजना है।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. क्या हम अपने पाप से मुक्त करने के लिए भुगतान की गई महान कीमत का एहसास करते हैं? क्या हम समझते है की यीशु ने इस कीमत का भुगतान किया और क्रूस पर मरकर हमें छुड़ाया? 2. क्या हमारे पाप को अपने ऊपर लेने और परमेश्वर के साथ सही रिश्ता बनाना संभव करने के लिए हम प्रभु का आभारी हैं? हमें बस इतना करना है कि उन पर भरोसा करें और अनन्त जीवन के दान को स्वीकार करें।

	B10 – लेवल 3 कहानी 1- मूसा फसह का मेम्न।	B10 – लेवल 4 कहानी 1- मूसा लाल समुद्र के पार।
	बाइबल अनुभाग: निर्गमन 12: 1-14; 29-36 ; 50,51 ***मुख्य पद : निर्गमन 12: 13*** **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर ने मिस्रियों को उनके अवज्ञा के लिए अपना न्याय दिखाया, लेकिन उन्होंने इस्राएलियों को उनकी आज्ञाकारिता के लिए अपनी दया दिखायी। 2. यीशु सर्वश्रेष्ठ बलिदान था और हमारा उद्धारक है।	***बाइबल अनुभाग: निर्गमन 11: 1-10; 12: 1-13 ; 21-42*** ***मुख्य पद : यूहन्ना 1: 29; 1 कुरिन्थियों 5: 7*** **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर इस्राएलियों के साथ था। 2. इस्राएलियों को परमेश्वर की सुरक्षा और मदद पर संदेह था। 3. परमेश्वर ने एक बार फिर से मिस्रियों से उन्हें बचाकर अपने लोगों के लिए अपनी शक्ति और प्यार साबित कर दिया।
पहचान कराने	बच्चों से कुछ त्यौहार के बारे में सोचने के लिए कहें जिन्हें हम मनाते हैं और वे क्या संकेत करते हैं उदाहरणः क्रिसमस, ईस्टर आदि। समझाएं कि कई त्यौहार हमारे लिए परमेश्वर ने जो किया है, उसके बारे में एक महत्वपूर्ण अनस्मारक हो सकता है। उनसे पूछें कि क्या उन्होंने कभी भी यहूदी त्यौहार - फसह के पर्व के बारे में सुना है। आज की कहानी में, हम फसह के बारे में जानेंगे।	बच्चों से यह कल्पना करने के लिए कहें कि वे एक ऐसे जगह एक लंबी यात्रा पर जा रहे हैं जहाँ वे पहले कभी नहीं गए है। उन्हें रास्ता दिखाने के लिए एक नक्शा या किसी की सहायता की ज़रूरत होगी। परमेश्वर द्वारा प्रतिश्रत देश की ओर जाने के लिए इस्राएलियों को भी इसकी ज़रूरत थीं। परमेश्वर ने उन्हें एक विशेष तरीके से अपनी यात्रा के लिए निर्देशित किया।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को** पेश करें **चर्चा करें और समझाएं:** 1. बच्चों के साथ पिछले विपत्तियों के बारें में समीक्षा करें और समझाओ कि यह अंतिम विपत्ति सबसे बुरा और विनाशकारी था। परमेश्वर यह दिखाने जा रहा था कि वह फिरौन से ज्यादा शक्तिशाली था। 2. जो भी करना था उसके बारें में परमेश्वर ने मूसा और हारून को विशिष्ट निर्देश दिए। **(पद 1-14)** 3. इस्राएलियों को मृत्यु से बचने के लिए निर्दोष मेम्ने का बलि देकर उसके खून को घर के दरवाजे पर लगाना था। 4. मेम्ने का महत्व समझाओः यह कैसे एक बलिदान था, घर के पहिलौठे पुत्र के स्थान पर एक मेम्ने का मारा जाना। 5. समझाओ कि फसह का पर्व एक यहूदी त्यौहार है जो उस रात के सम्मान में है जब परमेश्वर ने उन घरों को पारित किया और मृत्यु दण्ड से सुरक्षित रखा जिनमें मेम्ने का खून लगा हुआ था। और जिन में खून नहीं दिखा उन घरों का पहिलौठे पुत्र मारे गए। 6. मुक्ति के अर्थ की व्याख्या करें; कैद से वापस ख़रीदना / गुलामी से बचाना। पराने नियम में परमेश्वर ने पापियों से जानवरों की बलिदान स्वीकार की। जब यीशु आया तो उसने हमारे पापों के लिए अपना निर्दोष जीवन बदले में दिया। वह हमारा उद्धारक है - उसने हमें पाप की शक्ति से छुड़ाया और परमेश्वर से हमारे रिश्ते को सुधारा। परमेश्वर के बलिदान से अब पशु के बलिदान का आवश्यक नहीं था। 7. आखिरकार फिरौन ने इस्राएलियों को जाने देने के लिए तैयार हो गया - परमेश्वर ने उनके लिए अपना वादा को पूरा किया। **(12: 31, 32)** **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 1 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. परमेश्वर ने इस्राएलियों को मुक्त करके मिस्र से बाहर ले आया। उन्होंने दिन में मेघ के खंभे में और रात के समय आग का खंभे में होकर उनके आगे आगे चला। तब उन्हें पता चला कि वह मार्गदर्शन देकर उनकी मदद कर रहा था। **(13: 21, 22)** बच्चों के साथ चर्चा करें कि कभी-कभी लोग इस तरह के चिन्ह या अद्भुत काम देखने चाहते हैं ताकि वे जान सकें कि परमेश्वर उनके साथ है। परमेश्वर अब हमारे साथ है और वे बाइबल और पवित्र आत्मा के माध्यम से हमें मार्गदर्शन देते है - अगर हम उस पर भरोसा करें। 2. मिस्र से मुक्त होने पर इस्राएलियों के राहत के बारे में सोचिए। सोचो की अभी तक कि यह राहत कैसे डर में बदला होगा जब उन्होंने सना कि फिरौन की सेना उन्हें वापस लाने के लिए पीछा कर रहे है। **(14:10)** 3. इस्राएलियों घबराहने लगा और गुस्सा होकर परमेश्वर को दोष देना शुरू किया। लेकिन मूसा ने उन्हें शांत रहने के लिए याद दिलाया। परमेश्वर उनके लिए लड़ेंगे। मूसा परमेश्वर पर भरोसा करना सीख रहा था। **(14:13)** 4. परमेश्वर ने लोगों को आगे बढ़ने के लिए कहा और वह लाल समुद्र के बीच से उनके लिए एक बचने का रास्ता निकलता है। फिर परमेश्वर ने मिस्र की सेना को उसी समुद्र में डूबा दिया। उसने अपने लोगों के लिए बचाव का एक रास्ता खोला। परमेश्वर न केवल अपनी शक्ति दिखाने के लिए बल्कि अपने लोगों के लिए उनके प्यार को दिखाने के लिए समुद्र को विभाजित करके इस चमत्कार को किया। **(14: 21,22)** 5. इस्राएलियों ने यहोवा का भय माना और उस दिन परमेश्वर और मूसा पर भरोसा किया। **(14: 31)** **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 1 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	कई वर्षों के गलामी, परमेश्वर से मोक्ष के लिए दोहाई, कई विपत्तियों और फिरौन के परमेश्वर को सुनने से इनकार करने के बाद, अन्त में इस्राएलियों को मुक्त किया गया। बच्चों से चर्चा करें कि वे मिस्र छोड़ते समय कैसा महसूस कर रहे होंगे।	पाठ की समीक्षा करने के लिए आज के अध्ययन पर छात्रों को प्रश्नोत्तरी दे।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. क्या हम अपने पाप से मुक्त करने के लिए भगतान की गई महान कीमत का एहसास करते हैं? क्या हम समझते है की यीशु ने इस कीमत का भुगतान किया और क्रूस पर मरकर हमें छुड़ाया? 2. क्या हमारे पाप को अपने ऊपर लेने और परमेश्वर के साथ सही रिश्ता बनाना संभव करने के लिए हम प्रभु का आभारी हैं? हमें बस इतना करना है कि उन पर भरोसा करें और अनन्त जीवन के दान को स्वीकार करें।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. जब चीजें हमारे इच्छानुसार या हमारे उम्मीद के अनुसार नहीं होते, हम कैसे प्रतिक्रिया करते हैं? क्या हम परमेश्वर को दोष देते हैं और उससे नाराज हो जाते हैं? या क्या हम आत्मविश्वास से इन समस्याओं का सामना करेंगे? शायद चीज़े हमारे उम्मीद के अनसार नहीं होंगे फिर भी अगर हम परमेश्वर पर भरोसा करे तो वे हमारी मदद करेंगे। 2. इस अध्ययन से विचार करें कि परमेश्वर असंभव को संभव करता है।

	B10 – लेवल 3 कहानी 2- मूसा लाल समुद्र।	B10 – लेवल 4 कहानी 2- मूसा सीनै पर्वत के ऊपर।
	बाइबल अनुभाग: निर्गमन 13: 20-22,14: 5-15,19-31 ***मुख्य पद : निर्गमन 14: 14*** **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर ने अपने चुने हुए लोगों को मिस्र से बचाया। 2. इस्राएलियों ने उनके लिए परमेश्वर की देखभाल पर संदेह करना शुरू किया। 3. परमेश्वर मार्गदर्शन और रक्षा के लिए उनके साथ थे।	***बाइबल अनुभाग: निर्गमन 19: 1-13, 16-25, 20: 1-21*** ***मुख्य पद : निर्गमन 19: 5 - 20: 20*** **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर पवित्र और शक्तिशाली है। 2. हमे आसानी से परमेश्वर से संपर्क करने का विशेषाधिकार है, जो इस्राएलियों को नहीं था। 3. परमेश्वर ने इस्राएलियों को जीने के तरीकों के बारें में निर्देश दिया।
पहचान कराने	इस बात पर विचार करें कि 430 साल मिस्र में गुलामी इस्राएलियों कैसे महसूस कर रहे थे। बच्चों से पूछें कि इस्राएलियों इस समय सोच रहे होंगे।	रोजमर्रा की स्थितियों के बारे में सोचें जब हमारे पास नियम और दिशानिर्देश होते हैं। ये दिशानिर्देश आमतौर पर हमारी मदद करने के लिए होते हैं। यह इस्राएलियों के लिए परमेश्वर से प्राप्त दस आज्ञाओं के समान था। वे उनके भलाई के लिए और उनके जीवन में उन्हें मार्गदर्शन देने के लिए था।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को** पेश करें **चर्चा करें और समझाएं:** 1. आखिर में इस्राएलियाँ मुक्त थे और मिस्र से दूर परमेश्वर द्वारा प्रतिश्रत देश के रास्ते जा रहे थे। यह सोचिए कि गुलामी से मुक्त होने पर वे कितने उत्साहित थे। । 2. परमेश्वर ने इस्राएलियों को मुक्त करके दिन में मेघ के खंभे में और रात के समय आग का खंभे में होकर उनको मार्गदर्शन दिया। **(13; 21,22)** यह दिखाते है कि बे हमेशा मार्गदर्शन देकर उनकी मदद कर रहा था। **(13: 21, 22)** कभी-कभी लोग इस तरह के चिन्ह या अद्भुत काम देखने चाहते हैं ताकि वे जान सकें कि परमेश्वर उनके साथ है। लेकिन अगर हम उस पर भरोसा करें तो वे बाइबल और पवित्र आत्मा के माध्यम से हमें मार्गदर्शन कर सकते है। 3. जब फिरौन की सेना उन्हें वापस लाने के लिए उनके पीछा किया तब इस्राएलियों घबराहने लगा और गुस्सा होकर परमेश्वर को दोष देना शुरू किया। वे परमेश्वर पर भरोसा करना छोड़ दिया। वे इस बातं को बिलकुल भूल गए की परमेश्वर ने इतने दूर उन्हें लाने के लिए कितने बड़े बड़े काम किए थे। 4. लेकिन मूसा इस परिस्थिति में भी शांत और सकारात्मक बने रहे, और लोगों को याद दिलाया की परमेश्वर उनके लिए लड़ेंगे। **(14: 14)** 5. परमेश्वर ने लाल समद्र को विभाजित करके इस्राएलियों को लाल समद्र के बीच से बच निकाला और फिर मिस्र की सेना को उसी समद्र में डूबा कर वे अपने शक्ति का प्रदर्शन किया। **(14: 21,22,26-28)** 6. इस्राएलियों ने यहोवा का भय माना और उस दिन परमेश्वर और मूसा पर भरोसा किया। **(14: 31)** **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 2 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. प्परमेश्वर इस्राएलियों को मिस्र से बाहर लाने के बाद अब दो महीने हो चुके थे। वह अब उन्हें आने वाले कार्यों के लिए तैयार कर रहे थे। 2. परमेश्वर लोगों को यह बताने के लिए कहते हैं कि वे अपने चुने हुए लोग कैसे हैं और वे अपने नीज धन कैसे होंगे। **(19: 5, 6)** वह उन्हें खुद को पवित्र करने के लिए कहता है। पवित्र बनने का मतलब समझाओ - अलग रकना, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से परमेश्वर को मिलने के लिए तैयार करना। 3. इस्राएलियों पहाड़ को छू भी नहीं सकते थे, क्योंकि यह पवित्र था। परमेश्वर की शक्ति और पवित्रता इतना मजबूत थी कि लोग उसके पास आ नहीं सके। **(19: 10-13)** इस बात पर विचार करें कि यह कितना आश्चर्यजनक है की प्रभु यीशु के कर्मों के कारण अब हम इस पवित्र, शक्तिशाली परमेश्वर से आजादी के साथ संपर्क कर सकते हैं। 4. परमेश्वर केवल मूसा को उससे संपर्क करने की अनुमति देता है और उसे दस आज्ञा देता है। **(20: 1-17)** यह आज्ञाएं मसीही को परमेश्वर के प्रति और एक दूसरे के लिए अपनी जिम्मेदारियों के बारे में बताते हैं। इसे इस्राएलियों को एक व्यावहारिक पवित्रता के जीवन की ओर बढ़ाने, उन्हें परमेश्वर की प्रकृति को दिखाने और उनके जीवन जीने की एक योजना के रूप में दिए गए थे। 5. लोग खुद पहाड़ पर जाने के लिए डरते और अनिच्छुक थे। इसलिए मूसा उनके और परमेश्वर के बीच बिचवई के रूप में कार्य किया। मूसा से अधिक महान, यीशु, परमेश्वर और मानव जाति के बीच एकमात्र बिचवई है। **(1तीमुथियुस 2: 5)** 6. मूसा उन्हें निडर होने के लिए कहते है। उनका डर आतंक था। मूसा इसे भगवान के भय से प्रतिस्थापित करना चाहते थे जो विश्वास और आज्ञाकारिता लाता है और उन्हें पाप करने से रोकना चाहता है। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 2 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	इस्राएलियों को मार्गदर्शन करते परमेश्वर, उनके पीछे करते हुआ मिस्री, और इस्राएलियों का बच निकलने की एक चित्र बनाएँ।	बच्चों को दस आज्ञाओं की एक सूची बनाने के लिए सबक की समीक्षा करें। हमारे दैनिक जीवन में आज्ञाओं का पालन कैसे किया जा सकता है?
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** जब हमारे जीवन में बुरी चीजें होती हैंक्या हम परमेश्वर को दोष देते हैं और कहते हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि वे हमारे पास नहीं है या हमारी मदद करने के लिए तैयार नहीं है? या हम मूसा की तरह मानेंगे कि उसने अब तक हमारी मदद की है और अगर हम उस पर भरोसा करते है तो वे हमारी मदद करते रहेंगे और हमारे लिए लड़ेंगे?	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** अगर हम मानते हैं कि इस्राएलियों कितने डरे हुए और परमेश्वर के पास जाने के लिए कितने अयोग्य थे। क्या हम वास्तव में यह यीशु मसीह के द्वारा परमेश्वर के पास स्वतंत्र रूप से जाने की इस विशेषाधिकार को समझते हैं? हमारे पाप को अपने ऊपर लेकर हमें पवित्र बनाने के लिए हमें परमेश्वर को धन्यवाद देना चाहिए।

	B10 – लेवल 3 कहानी 3- मूसा कठिन यात्रा।	B10 – लेवल 4 कहानी 3- मूसा आग से बाहर।
	बाइबल अनुभाग: निर्गमन 17: 1-16 ***मुख्य पद : 1 पतरस 5: 7*** **हम सीख रहे की :** 1. इस्राएलियों परमेश्वर पर संदेह करना जारी रखते हैं। 2. परमेश्वर उन्हें कभी नहीं छोड़ते और उनके सभी जरूरतों के लिए प्रदान करने और उनके पक्ष में लड़ना जारी रखता है।	***बाइबल अनुभाग: निर्गमन 32: 1-35*** ***मुख्य पद :निर्गमन 32: 26 - 33*** **हम सीख रहे की :** 1. जल्द ही इस्राएलियों परमेश्वर के आज्ञाएं भूल गए। 2. जो लोग परमेश्वर के आज्ञा का पालन किया उन पर परमेश्वर ने दया दिखायी और जिन लोगों ने आज्ञा की अवज्ञा की उन्हें दंडित किया।
पहचान कराने	आलोचना करे कि इस्राएलियाँ कितने दूर तक पहुंचे हैं और परमेश्वर ने उनके लिए कैसे सब कुछ प्रदान किया है; मिस्र में हुई विपत्तियाँ, लाल समुद्र के विभाजन। बच्चों से इस बारे में सोचने के लिए कहें कि इस्राएलियों को इस समय परमेश्वर के प्रति कैसा महसूस होना चाहिए था।	बच्चों से एक ऐसे समय के बारे में सोचने के लिए कहें जब उन्हें पता था कि वे कुछ गलत काम कर रहे थे। सोचिए कि हम अक्सर ऐसी परिस्थितियों में हां क्यों कहते हैं। इस कहानी में, हम सीखते हैं कि हमें हारून की तरह नहीं लेकिन मूसा की तरह होकर परमेश्वर के रास्ते में चलना चाहिए।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को** पेश करें **चर्चा करें और समझाएं:** 1. प्रभु के आदेश मिलने के बाद, इस्राएली फिर से आगे बढ़ रहे थे। लेकिन यात्रा के दौरान पानी मिलने के लिए कोई भी जगह नहीं था। इसलिए वे फिर से शिकायत करना शुरू किया। **(17: 2,3)** परमेश्वर से प्रार्थना करके उस पर भरोसा करने के बजाय उन्होंने मूसा से वाद विवाद करना शुरू किया। 2. उन पर गुस्सा होने के बजाय परमेश्वर दयालता से कार्य करता है, और उन्हें एक चट्टान से पानी देता है - तब भी वे उन्हें नहीं छोड़ता और एक चमत्कार करता है। **(17:5, 6)** 3. उनकी समस्याएं खत्म नहीं हुई हैं क्योंकि अमालेकी उन पर हमला करते हैं। **(17: 8)** इस समूह को बुरे, खतरनाक लोगों के रूप में जाना जाता था जो सिर्फ मज़े के लिए लोगों को मारते थे। कल्पना कीजिए कि मिस्र और वहां के सभी समस्याओं को छोड़ निकलने के बाद अब इस अमालेकी द्वारा मारें जाने पर इस्राएली कैसे महसूस कर रहे होंगे! 4. लेकिन परमेश्वर ने उनकी मदद की। मूसा एक पहाड़ी के चोटी पर खड़े होते हैं और अपने सिर के ऊपर अपने लाठी पकड़ रखा। जब तक उसके हाथ सिर से ऊपर था, वे जीत रहे थे, लेकिन जब यह उसके सिर से नीचे करता, तो वे हारने लगे ! जल्द ही मूसा का हाथ थकने लगे और हारून और हूर उनके हाथों को सर के ऊपर रखने में उसका मदद किया। **(17: 11-13)** 5. इस्राएलियों ने उस दिन युद्ध जीता - स्पष्ट रूप से परमेश्वर उनके साथ उनके दुश्मन को हराने में मदद कर रहे थे। इससे यह भी पता चला कि परमेश्वर मूसा के द्वारा इस्राएलियों को आगे ले जाएंगे। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 3 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. सीनै पर्वत से मूसा के वापस आने की इन्तज़ार करके इस्राएली बेचैन होने लगे। उन्होंने मामलों को अपने हाथों में लिया और अपना खुद का भगवान बनाना चाहा। उन्होंने प्रभ के नेतृत्व को एक कृत्रिम मूर्ति के साथ बदल दिया जिसे वे नियंत्रित कर सकते हैं। इस बारे में सोचें कि यह कैसे पहले दो आज्ञाओं का उल्लंघन करना था। **(32: 1-4)** 2. उनके अवज्ञा को देखकर परमेश्वर पूरे देश को नष्ट करने के लिए तैयार था। **(32: 10)** लेकिन मूसा ने परमेश्वर से अनरोध किया और परमेश्वर ने यहाँ दया दिखाया। **(32: 11-14)** दया की परिभाषा की व्याख्या करें - हम जिस सजा के लायक हैं उससे क्षमा किए जाना। 3. मूसा पहाड़ से वापस नीचे आया। और लोगों से इतना गुस्से में था कि उनके सामने उन्होंने दस आज्ञाओं के तख्तियां तोड़ दिया। यह दिखाने के लिए कि उन्होंने परमेश्वर के कानून को तोड़ दिया था। **(32: 19)** फिर भी परमेश्वर लोगों से क्रुद्ध था। 4. इस्राएलियों को गमराह करने की नेतृत्व करने के लिए मूसा हारून से निराश था। उसे पता होना चाहिए था कि इस्राएलियों जो कर रहे थे वह गलत है लेकिन इसके बजाय उन्होंने उनकी शिकायतों को सुनकर पूजा करने के लिए सोने का बछड़े को बनाने में उनकी मदद किया। **(32: 21, 22)** 5. मूसा ने इस्राएलियों से पूछा 'यहोवा की ओर कौन है?' जिसने भी अनुकूल प्रतिक्रिया न दिया और परमेश्वर का अनुसरण नहीं किया उसे मारा गया। **(32: 26-29)** परमेश्वर के प्रति निष्ठा अन्य सभी निष्ठा से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 3 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	मुख्य पद सीखें और चर्चा करें कि वे इसे अपने जीवन में कैसे प्रयोग कर सकते हैं।	**1 यूहन्ना 5:21** को पढ़िए और इस बारे में सोचिए कि किस तरह की मूर्तियां हमारे दिल में परमेश्वर की जगह ले सकती हैं। इस पद के आधार पर परमेश्वर का आज्ञा पालन करके अनुगमन करने के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए इन मूर्तियों का एक दीवार पोस्टर बनाएं।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. क्या हम कभी-कभी भूल जाते हैं कि परमेश्वर मुश्किल परिस्थितियों में हमारी मदद कर सकते हैं? हमारी लड़ाई लड़ने और हमारी सभी मुश्किल परिस्थितियों में हमारी मदद करने के लिए हमें उनसे मदद माँगनी चाहिए। 2. इस बारे में सोचें कि कैसे हारून और हूर ने मूसों को सिर से ऊपर हाथ रखने में मदद की और कैसे उन्होंने उन्हें प्रोत्साहित किया और उनको सहारा दिया। आज हम दूसरों की मदद कैसे कर सकते हैं?	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. अक्सर हम परमेश्वर के आज्ञाओं का उल्लंघन करके गलतियां कर सकते हैं। लेकिन हम परमेश्वर से सिर्फ पूछकर क्षमा प्राप्त कर सकते हैं। 2. हारून सच्चाई के लिए खड़ा नहीं हुआ। हमारे जीवन में ऐसे एक समय के बारे में सोचिए जब हम सच्चाई के खिलाफ खडे न होके अधिकांश लोगों की गलतियों का अनकरण किया है। प्रार्थना करें ताकि परमेश्वर की आज्ञा मानने और परीक्षा में न पड़ने में वे हमारी मदद करे।

	B10 – लेवल 3 कहानी 4- मूसा पीतल का सर्प।	B10 – लेवल 4 कहानी 4- मूसा मरूभूमि में।
	बाइबल अनुभाग: गिनती 21: 4-9, यूहन्ना 3: 1-2 - 14-16 ***मुख्य पद : यूहन्ना 3:14*** **हम सीख रहे की :** 1. इस्राएली ने फिर से परमेश्वर से शिकायत की। 2. परमेश्वर को उन्हें दंडित करना पड़ा - लेकिन उन्होंने उनके लिए अपनी सजा से बचने का एक तरीका भी बनाया। 3. यह भविष्य की घटनाओं की एक तस्वीर है जब यीशु हमारे पापों के लिए क्रूस पर चढ़ाया गया था।	***बाइबल अनुभाग: गिनती 21: 1-9*** ***मुख्य पद : यूहन्ना 3: 14 ; 15*** **हम सीख रहे की :** 1. इस्राएलियों जल्द ही परमेश्वर की देखभाल और प्रावधान के बारें में भूल गए। 2. परमेश्वर चाहता था कि इस्राएलियों को यह एहसास हो कि वे कैसे पाप कर रहे थे और उन पर भरोसा नहीं कर रहे थे। 3. परमेश्वर ने उनको सजा से बचने का एक तरीका प्रदान किया।
पहचान कराने	बच्चों को ऐसे एक समय के बारे में सोचने के लिए कहें जब वे किसी चीज़ के इंतजार में या किसी से उन्हें मिले वादा को पूरा होने के लिए बेचैन थे।समझाओ कि परमेश्वर ने पहले ही इस्राएलियों को प्रतिश्रुत देश वादा किया था। लेकिन वे वहां पहुंचने के लिए बेचैन था।	एक लंबी यात्रा के सफर पर जाने के बारे में सोचिए। अक्सर लोग यात्रा के दौरान उतावला होते हैं और खासकर बच्चों के साथ यात्रा करने से और थकते हैं। कभी-कभी, कैसे भी वे लक्ष्य स्थान पहुंचना चाहते हैं। परमेश्वर द्वारा प्रतिश्रुत देश तक पहुंचने के बारे में इस्राएलियों ने भी ऐसा महसूस किया होगा।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को** पेश करें **चर्चा करें और समझाएं:** 1. इस्राएलियों लगभग 40 वर्षों तक मरुभूमि में थे और हताश हो रहे थे। उन्होंने फिर परमेस्वर से शिकायत करना शुरू किया- 'तुम लोग हम को मिस्र से जंगल में मरने के लिए क्यों ले आए हो?' **(गिनती 21: 4)** 2. परमेश्वर उन के अविश्वास से क्रुद्ध होकर उनके भींच जहरीला सांप भेजते है और कई लोग मर जाते हैं। लेकिन मूसा क्षमा के लिए लोगों की तरफ से परमेश्वर से अनुरोध करता है। **(21:7)** 3. परमेश्वर ने मूसा से एक पीतल का सांप बनाकर खम्बे में लट काने के लिए कहा। और जो भी इस सांप को देखा वह जीवित बच गया। पीतल का साँप इस्राएलियों का जीवित रहने का एक उपाय बना। इसे देखते समय इस्राएलियों यह स्वीकार कर रहे थे की यह दण्ड परमेश्वर ने दिया था और केवल परमेश्वर ही उन्हें इससे बचा सकता है। **(21: 9)** 4. इस्राएलियों को अभी तक इसके बारे में कोई जानकारी नहीं था लेकिन खम्बे पर इस सांप का एक बड़ा अर्थ था। यूहन्ना 3 में यीशु बताते हैं कि जैसे सांप को देखने पर इस्राएलियों को चंगा मिला उसी तरह हम क्रूस पर यीशु की मृत्यु को देखकर आज भी हमारे पाप से मुक्ति पा सकते हैं। इस्राएलियों का जीवन साँप के कारण नहीं बल्कि उनके विश्वास के कारण बचा। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 4 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. इस्राएलियों लगभग 40 वर्षों तक मरुभूमि में थे और हताश हो रहे थे। परमेश्वर ने उन्हें प्रतिश्रुत देश वादा किया था लेकिन यह अभी तक कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। परमेश्वर से प्रार्थना करके उस पर भरोसा करने की बजाय और और यह भी भूल के कि परमेश्वर उन्हें कितना दूर लाया था, उन्होंने मूसा से वाद विवाद करना शुरू किया। **(गिनती 21: 4-6)** 2. इससे पहले, वे कई खतरे की स्थितियों में थे लेकिन उनके अविश्वास और लगातार शिकायत के बावजूद परमेश्वर ने सारा प्रबन्ध किया और उनके साथ नहीं छोड़ा। 3. लेकिन क्रोधित हुए और उनके बीच जहरीले सांप भेजे, साँप की डसने से कई लोगों की मृत्यु हो गई। **(21: 6)** 4. लोगों को जल्द ही अपने पाप का महसूस हुआ और उनके तरफ से परमेश्वर से माफी मांगने के लिए मूसा से बिनती किया। **(21: 7)** 5. परमेश्वर ने मूसा से एक पीतल का सांप बनाकर खम्बे में लट काने के लिए कहा। और जो भी इस सांप को देखा वह जीवित बच गया। इसे देखते समय इस्राएलियों यह स्वीकार कर रहे थे की यह दण्ड परमेश्वर ने दिया था और केवल परमेश्वर ही उन्हें इससे बचा सकता है। **(21: 9)** 6. इस्राएलियों को इसका एहसास नहीं था लेकिन यह क्रूस पर यीशु का प्रतीक था। जो सांप को देखते थे वे अपने दर्द से मुक्त होकर मरने से बच गए। वैसे ही, जो क्रूस पर यीशु की ओर देखते हैं और उस पर भरोसा करते है वह मृत्यु से बचकर अनंत जीवन प्राप्त करते है। (मुख्य पद देखे) **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 4 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	बच्चों से **यूहन्ना 3: 16** अच्छी तरह से पढ़कर अनन्त जीवन के अर्थ पर विचार करने के लिए के लिए कहें। कई लोग अनन्त जीवन के विचार को पसंद नहीं करते हैं क्योंकि वे अपने इस जीवन से सन्तुष्ट नहीं हैं। लेकिन जो अनन्त जीवन यीशु देता है उस में कोई बीमारी, मृत्यु, बुराई या पाप नहीं होंगे ! परमेश्वर को जान कर उसका अनुसरण करने पर लौकिक जीवन पर हमारे दृष्टिकोण बदल जाता है।	**भजन संहिता 78: 10-38** पढ़ें और परमेश्वर ने किए उन सभी आश्चर्य कर्म और इनके प्रति इस्राएलियों के मनोभाव का एक सूची बनाएं।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** इस्राएलियों ने परमेश्वर से शिकायत की क्योंकि वे उस पर भरोसा नहीं कर रहे थे। उन्होंने परमेश्वर के आदेशों का पालन नहीं किया और वह परमेश्वर ने उनके लिए किए सभी कर्मों को भूल गए। इस बात पर विचार करें कि अक्सर हम शिकायत इसलिए करते है क्योंकि हम चीजों को हमारी दृष्टिकोण से देखते हैं। हमें अपनी शिकायत करने की आदत से निपटकर इसे हमारे जीवन में पकड़ रकने से रोकना चाहिए।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** भले ही परमेश्वर उन्हें कभी छोड़ा नहीं था, फिर भी इस्राएलियों ने अपनी वर्तमान स्थिति के बारे में शिकायत की थी। अक्सर, हम इस तरह होते हैं और परमेश्वर द्वारा हमें दिए गए सभी आशीर्वादों और देखभाल को भूल कर उस पर भरोसा करना छोड़ देता है। अक्सर हमें अपने जीवन में जहरीले सांप से निपटना पड़ता है ताकि हम परमेश्वर को देख सकें और उस पर भरोसा कर सकें।

	B11 – लेवल 3 कहानी 1- मूसा परमेश्वर से भेंट।	B11 – लेवल 4 कहानी 1- आज्ञा/व्यवस्था एक ही परमेश्वर।
	बाइबल अनुभाग: निर्गमन 19: 1-14 ***मुख्य पद : 1 पतरस 1: 16*** **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर पवित्र और धर्मी है 2. परमेश्वर के साथ हमारे रिश्ते में आज्ञाकारिता बहुत महत्वपूर्ण है। 3. परमेश्वर के कानून लोगों की पाप का पर्दाफाश करते हैं।	***बाइबल अनभाग: निर्गमन 19: 16-25, 20: 1-7, मत्ती 22: 34-40*** ***मुख्य पद : मत्ती 22:37*** **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर पवित्र है। 2. परमेश्वर शक्तिशाली है। 3. परमेश्वर जलन रखने वाला है। 4. परमेश्वर प्रेममय है।
पहचान कराने	बच्चों से यह सोचने के लिए कहें कि वे एक शादी से जाने से पहले क्या करेंगे? स्नान करके यह सुनिश्चित करना कि वे बड़े दिन के लिए साफ और अच्छी तरह से तैयार हैं। समझाओ कि इस्राएलियों को परमेश्वर से मिलने के लिए कैसे तैयार होना था। क्योंकि वह धर्मी और पवित्र था और इस्राएलियों अधर्मी थे।	इस अध्ययन में हम इस बात पर विचार करेंगे कि कैसे परमेश्वर ने इस्राएलियों को अन्य देवताओं या मूर्तियों को न बनाने की आदेश दिया था। अगर हमारे और भगवान के बीच कुछ भी आता है, तो यह एक मूर्ति है। आज के समाज में मूर्तियों या देवताओं के उदाहरणों के बारे में सोचें। और बच्चों के साथ चर्चा करें कि वे परमेश्वर की जगह कैसे ले सकते हैं।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को** पेश करें **चर्चा करें और समझाएं:** 1. परमेश्वर शक्तिशाली और पवित्र है इसलिए इस्राएलियों उसके पास नहीं जा सकते केवल मूसा परमेश्वर से मिलने के लिए पहाड़ पर जा सकते थे। 2. इस्राएलियों को मिस्र में गुलामी से बचाने का वजह अब परमेश्वर उन्हें बताता है। परमेश्वर इस्राएल को एक चुना हुआ राष्ट्र और पवित्र जाती बनाना चाहता था इस लिए वह चाहता था की वे उनके आदेशों का पालन करें और उसका अनुसरण करें। **(पद 5,6)** 3. परमेश्वर के आदेश सुनकर लोगों ने यह प्रतिक्रिया दिया कि वे सबकुछ करेंगे जो परमेश्वर ने कहा। **(पद 8)** 4. परमेश्वर ने मूसा को आदेश दिया की आराधना के लिए इस्राएलियों को पवित्र करे **(पद 10)** यह उनको परमेश्वर से मिलने की तैयार थी। परमेश्वर से मिलने के लिए उन्हें अपने दिल और मन धोना और तैयार करना था। बच्चों को समझाएं कि शारीरिक रूप से साफ़ होना उन्हें परमेश्वर की आराधना करने में कैसे उपकारी हो सकते है। 5. मुख्य पद को पढ़े और देखे कि उन्हें परमेश्वर से मिलने के लिए तैयार क्यों किया गया था। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 1 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. इस्राएलियों को सीनै पर्वत पर लाया गया था। और परमेश्वर से मिलने के लिए उन्हें तैयार किए जा रहे थे। परमेश्वर इतना पवित्र था कि उन्हें खुद को बाह्य रूप से शुद्ध करने पड़ी। **(19:14)** 2. परमेश्वर आग में होकर स्वर्ग से उतरे - इस्राएलियों ने उनके शक्ति देखकर काँप ऊठे। **(19: 16-18)** 3. परमेश्वर ने लोगों से कहा कि उन्हें छोड़के उनके पास कोई अन्य देवता नहीं होना चाहिए। **(20:3)** उन्होंने उन्हें अन्य देवताओं या मूर्तियों की पूजा न करने के लिए भी मना किया। वह हमारे प्यार के लिए एक जलन रखने वाला परमेश्वर है। और जो परमेश्वर के आदेशों का पालन करके उनसे प्यार करते है वे उन्हें बहुत करुणा दिखाते है। **(20: 5,6)** 4. जब परमेश्वर कहते हैं कि वह जलन रखने वाला है,यह मानव ईर्ष्या की तरह नहीं है जो पाप है। परमेश्वर की जलन हमेशा वास्तविक प्यार और चिंता व्यक्त करती है। 5. परमेश्वर का नाम विशेष है और इस्राएलियों को इसे व्यर्थ में लेने से मना किया गया था। जिस तरीके से हम प्रभु के नाम का उपयोग करते हैं, वह उसके प्रति हमारा दृष्टिकोण दिखाता है। बुरा बोलने या गाली-गलौज के लिए नहीं सिर्फ प्रशंसा और आराधना में ही उस पवित्र नाम का उपयोग हमे करना चाहिए। । 6. जब यीशु पृथ्वी पर था तो कानून के शासकों ने उसे धोखा देने की कोशिश की। बच्चों से **मत्ती 22: 34-40** पढ़ने को कहे। यीशु के अनुसार सबसे बड़ा आदेश क्या है ? **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 1 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	बच्चों के साथ विचार करें कि कैसे सीनै पर्वत एक पवित्र स्थान है। यहां परमेश्वर ने एक जलती हुई झाड़ी में से मूसा से बात की। **(निर्गमन 3: 1-12)** परमेश्वर ने एलिय्याह से भी धीमे शब्द में बात किया जब वह डरके मारे भाग रहा था। **(1 राजाओं 19: 1-13)**	मुख्य पद सीखो और चर्चा करें कि यह पद आज के अध्ययन का सारांश कैसे देती है। ऐसे प्रश्न पूछें जो उन्हें अध्ययन 1 पूरा करने में मदद करेंगे।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. परमेश्वर पवित्र और परिपूर्ण है और हम इतने पापी और मैले हैं कि हमें उसके पास आने के लिए एक रास्ते चाहिए। 2. इसलिए परमेश्वर अपने पुत्र यीशु को पृथ्वी पर हमारे लिए मरने के लिए भेजा था ताकि हम परमेश्वर के साथ एक नया रिश्ता बना सके। प्रभु यीशु में हमारे विश्वास की वजह से परमेश्वर हमें स्वच्छ और पवित्र रूप में देखता है।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. बच्चों से यह विचार करने के लिए कहें कि क्या ऐसा कुछ भी है जो उनके जीवन में परमेश्वर की स्थान लेता है या परमेश्वर से अधिक महत्वपूर्ण है? शायद उन्हें इसके महत्व पर पुनर्विचार करना चाहिए। 2. इस बात पर विचार करें कि क्या वे कभी-कभी परमेश्वर के नाम का दुरुपयोग करते हैं और कसम करने में इसका इस्तेमाल करते हैं? ऐसे करने से परमेश्वर को बहुत दुख होगा। बच्चों को ध्यान से सोचने के लिए चुनौती दें कि वे परमेश्वर का नाम का उपयोग कैसे करते हैं।

	B11 – लेवल 3 कहानी 2- मूसा परमेश्वर को जानना।	B11 – लेवल 4 कहानी 2- आज्ञा/व्यवस्था परमेश्वर का मार्ग।
	बाइबल अनुभाग: निर्गमन 20: 1-12 ***मुख्य पद : मत्ती 22: 37*** **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर एक ही है जो सच्चा है। 2. परमेश्वर का नाम विशिष्ट है और उसे सम्मान किया जाना चाहिए। 3. रविवार को आराम के एक विशेष दिन के रूप में रखा जाना चाहिए। 4. माता पिता का सम्मान करना महत्वपूर्ण है।	***बाइबल अनुभाग: निर्गमन 20: 6-11, लूका 13: 10-17*** ***मुख्य पद : निर्गमन 20: 8*** **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर चाहता है कि हम सब्त को पवित्र मानें। 2. कानूनों को करना हमें लोगों को प्यार नहीं करने से रोकना नहीं चाहिए।
पहचान कराने	रोजमर्रा की परिस्थितियों के बारे में सोचें जहां नियम होना अच्छी बात है। उदाहरण के लिए, खेलों में, घर पर, यातायात बत्ती, स्कूलों में आदि। बच्चों के साथ चर्चा करें कि कैसे इस्राएलियों को अपने पवित्र राष्ट्र बनाने के लिए परमेश्वर ने उन्हें दस व्यवस्था/आज्ञा दिया था। परमेश्वर के इच्छानुसार जीने के लिए उन्हें इन दिशानिर्देशों की आवश्यकता है।	
पूरा करने	**बाइबल कहानी को** पेश करें **चर्चा करें और समझाएं:** 1. परमेश्वर का सबसे पहला था कि उनके अलावा कोई अन्य देवता या मूर्तियां न हों। **(पद 1-3)** और कुछ भी है जो परमेश्वर की स्थान हमारे जीवन में लेता है उसे मूर्ति बुलाते है। यह परमेश्वर के लिए बहुत महत्वपूर्ण था; इसलिए यह सबसे पहला वचन है। यीशु ने इसका खुद **मत्ती 4: 10** में पुष्टि की है। 2. दूसरा आज्ञा किसी अन्य मूर्तियों को नहीं बनाना का है। **(पद 4)** यह आसान लग सकता है लेकिन इस्राएलियों हाल ही में मिस्र से निकला था जहाँ कई मूर्तियों और देवताओं थे। इस आदेश के बारें में यीशु **लूका 16: 13** में जोर देता है। 3. तीसरा आज्ञा हमारे प्रभु परमेश्वर के नाम का दुरुपयोग नहीं करने का है। परमेश्वर का नाम विशेष है और इस्राएलियों को इसे व्यर्थ में लेने से मना किया गया था। जिस तरीके से हम प्रभु के नाम का उपयोग करते हैं, वह उसके प्रति हमारा दृष्टिकोण दिखाता है। बुरा बोलने या गाली-गलौज के लिए नहीं सिर्फ प्रशंसा और आराधना में ही उस पवित्र नाम का उपयोग हमे करना चाहिए। । 4. चौथा आज्ञा **(पद 8-11)** सप्ताह में अन्य छह दिनों से अलग सब्त को पवित्र दिन के रूप में स्मरण रखने का है। परमेश्वर ने छह दिनों में आकाश और पृथ्वी बनाई और फिर सब्त के दिन विश्राम किया और हमें उसके उदाहरण का पालन करना चाहिए। परमेश्वर चाहता है कि हम विश्राम का दिन लेकर उसकी और उसकी सृष्टि की आराधना करें। 5. पांचवां आज्ञा माता पिता का आदर करने का है। चर्चा करें कि आदर का क्या अर्थ है और हम अपने माता-पिता का सम्मान कैसे कर सकते हैं? **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 2 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. इस्त्राएलियों के दस आज्ञाओं में से एक था सब्त के दिन का पालन करना था। परमेश्वर चाहता था ही हम इसे पवित्र रखकर परमेश्वर को समर्पित करें। **(निर्गमन 20:8-11)** 2. परमेश्वर छह दिनों में आकाश और पृथ्वी कि सृष्टि की और सातवें दिन पर विश्राम किया। वह हमें भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करता है और चाहता है की एक दिन हम दूसरों से अलग रखे और उस दिन में आराम करके सर परमेश्वर और उसकी सृष्टि की आराधना करने के लिए समर्पित करें। 3. परमेश्वर ने इस्राएलियों को मन्ना इक्कट्ठा करने के लिए स्पष्ट निर्देशन दिया था। **(निर्गमन 16: 22-26)** 4. जब यीशु पृथ्वी पर था, परमेश्वर का इस आदेश को रखने के तरीके से लोग खुश नहीं थे। जब परमेश्वर ने सब्त के दिन लोगों को चंगा किया लोगों ने उन पर इस आदेश को तोड़ने का आरोप लगाया। यह कई अवसरों पर हुआ। एक ऐसा घट ना **लूका 13: 10-17** में पाया जाता है। 5. यीशु उनके पाखंड की ओर इशारा किया क्योंकि वे खुद रविवार को अपने जानवरों की देखभाल करते थे लेकिन यीशु इंसानों की परवाह करने में उन्हें दिक्कत थी। वे कानून में इतने फसे हुए और इतनी सख्ती से उसका पालन कर रहे थे कि वे वास्तव में परमेश्वर को उनके जीवन के लिए इच्छा के बारें में बिलकुल भूल रहे थे। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 2 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	**मत्ती 22; 37-40** को पढ़ें और चर्चा करें कि ये पद दस आज्ञाओं को सारांशित कैसे करते हैं। बच्चों को पाठ 2 पूरा करने में मदद के लिए प्रश्न पूछें।	सब्त को पवित्र और दूसरों से अलग रखने के विषय पर चर्चा करें।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. क्या हम हमारे जीवन में परमेश्वर के स्थान में अन्य देवताओं या मूर्तियों को डालते हैं? हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत है कि अन्य चीजें परमेश्वर की जगह न लें। 2. क्या हम गलती से परमेश्वर के नाम की कसम खाता है या व्यर्थ इस्तेमाल करते हैं? हमें बड़ी सावधानी से परमेश्वर के नाम को विशेष और पवित्र मानना है। 3. क्या हम रविवार को दूसरों दिनों से विशेष मानते हैं? 4. क्या हम अपने माता पिता का आदर करते हैं?	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. हम में से कोई भी सभी आज्ञाओं को नहीं रख सकता है। हम पापी हैं और हमारे खुद के बल पर परमेश्वर के मानदण्ड तक नहीं पहुंच सकते। (रोमियों 3:23) 2. हम इन आज्ञाओं का सिर्फ पालन करने की कोशिश करके परमेश्वर को खुश नहीं कर सकते। 3. यीशु मसीह आया ताकि वे हमारे पाप के लिए सजा सहन करे ताकि परमेश्वर के साथ हमारी रिश्ता सही हो सकें। अगर हम उसे हमारे जीवन में स्वीकार करते हैं तो वह हमें हमारी जिंदगी सही तरीके से जीने में मदद के लिए पवित्र आत्मा को देता है।

	B11 – लेवल 3 कहानी 3- मूसा परमेश्वर का आज्ञा पालन करना।	B11 – लेवल 4 कहानी 3- व्यवस्थाा पहले परमेश्वर।
	बाइबल अनुभाग: निर्गमन 20: 13-21; मत्ती 19: 16-30 ***मुख्य पद : मत्ती 19: 21*** **हम सीख रहे की :** 1. परमेश्वर ने इन आज्ञाओं को पालन करने के लिए किया। 2. इन आज्ञाओं का करने का मतलब यह नहीं है कि हम अनंत जीवन प्राप्त करेंगे। 3. कई भार हमारे जीवन में हम परमेश्वर के स्थान दूसरे चीज़ों को देते है।	***बाइबल अनुभाग: निर्गमन 20: 12-21, मरकुस 10: 17-31*** ***मुख्य पद : मत्ती : 6: 24*** **हम सीख रहे की :** 1. आज्ञाएं और कानून महत्वपूर्ण हैं और उनका पालन किया जाना चाहिए। 2. आज्ञाओं और कानूनों का सिर्फ पालन करना से हमें परमेश्वर के साथ एक रिश्ता या अनन्त जीवन प्राप्त नहीं होगा। 3. हम परमेश्वर की जगह अन्य मूर्तियों को आसानी से डाल सकते हैं।
पहचान कराने	इस बारे में सोचें कि हम स्कूल में नियमों का पालन करने की कोशिश कैसे करते हैं। लेकिन कभी-कभी हम उन्हें भूल जाते हैं और तोड़ते हैं। समझाओ कि ऐसा इसलिए है क्योंकि हम मनष्य है और पापी भी हैं और परमेश्वर की तरह पवित्र नहीं हो सकते हैं।	इस बारे में सोचें कि हम स्कूल में नियमों का पालन करने की कोशिश कैसे करते हैं। लेकिन कभी-कभी हम उन्हें भूल जाते हैं और तोड़ते हैं। समझाओ कि ऐसा इसलिए है क्योंकि हम मनष्य है और पापी भी हैं और परमेश्वर की तरह पवित्र नहीं हो सकते हैं। हमारे कर्मों से हम स्वर्ग में अपना रास्ता प्राप्त नहीं कर सकते।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को** पेश करें **चर्चा करें और समझाएं:** 1. छठा आज्ञा खून न करने का है। खून करने के बारे में यीशु की नई व्याख्या को देखने के लिए **मत्ती 5: 21,22** पढ़े। इस बात पर विचार करें कि इस नई व्याख्या के आदार पर हम लोगों के साथ कैसे व्यवहार करना चाहिए। 2. सातवां आदेश व्यभिचार नहीं करने का है। 3. आठवां आदेश चोरी नहीं करने का है। नए नियम में, यीशु इसे फिर परिभाषित करके कहता है किया अगर कोई आपकी कुरता चुरा लेता है तो उसे दोहर भी ले जाने दो। 4. नौवां आदेश अपने पड़ोसी के विरुद्ध झूठी साक्षी न देने का है। बच्चों को समझाएं कि इसका मतलब है कि किसी और के किए के बारें में झूठ बोलना या पूरी कहानी का कई हिस्सों को छोड़कर कहना। इस मामले पर यीशु को क्या कहना है, यह देखने के लिए **मत्ती 12:36** को पढ़े। 5. दसवीं आज्ञा लालच न करने का है। लालच करना प्रदान करनेवाला परमेश्वर पर हमारे विश्वास की कमी को दर्शाता है। 6. बच्चों के साथ **मत्ती 19:16-30** पढ़े। चर्चा करें कि यीशु कैसे दिखाता है कि इन सभी आज्ञाओं का सिर्फ पालन करनें का मतलब यह नहीं है कि हमें अनंत जीवन प्राप्त होंगे। सिर्फ अच्छे कर्मों से उद्धार नहीं मिलता लेकिन परमेश्वर से प्यार और प्रभु यीशु पर भरोसा करके सब कुछ त्यागने की इच्छा होने की जरूरत है। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 3 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. जब यीशु पृथ्वी पर आया था, वह कानून की पूर्ति थी और कुछ आज्ञाओं में बड़ा परिवर्तन लाया। 2. पांचवां आदेश - आपके माता पिता का सम्मान करना है - **मत्ती 10: 37** हमें इस पर यीशु का नया दृश्य दिखाता है। 3. छठा आदेश - हत्या नहीं करना है। **मत्ती 5: 21,22** में हत्या की बारें में यीशु की व्याख्या को देखो। इस बात पर विचार करें कि आज हम लोगों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। 4. सातवां आदेश - व्यभिचार नहीं करना है। **मत्ती 5:40** में यीशु इसका भी व्याख्या करते है। 5. नौवां आदेश - नौवां आदेश अपने पड़ोसी के विरुद्ध झूठी साक्षी न देने का है। बच्चों को समझाएं कि इसका मतलब है कि किसी और के किए के बारें में झूठ बोलना या पूरी कहानी का कई हिस्सों को छोड़कर कहना। इस मामले पर यीशु को क्या कहना है, यह देखने के लिए **मत्ती 12:36** को पढ़े। **6. मरकुस 10: 17-31** पढ़ें। चर्चा करें कि यीशु कैसे दिखाता है कि सिर्फ अच्छे कर्मों से उद्धार नहीं मिलता लेकिन परमेश्वर से प्यार और प्रभु यीशु पर भरोसा करके सब कुछ त्यागने की इच्छा होने की जरूरत है। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 3 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	उन चीजों के बारे में चर्चा करें जो हमारे जीवन में परमेश्वर से अधिक महत्वपूर्ण हो सकती हैं और जो हमें पमेश्वर को पहले स्थान देने से रोकता है। व्यावहारिक तरीकों पर चर्चा करें जिससे हम परमेश्वर को अपने जीवन में पहले रखने के लिए अन्य चीजों को कैसे हटा सकते हैं।	जब यीशु पृथ्वी पर आया था, वह एक परिवर्तनवादी था। चर्चा करें कि यीशु की जन्म और मृत्यु ने व्यवस्था की आवश्यकता को कैसे बदल दिया होगा। उन्होंने सिखाया कि सिर्फ अच्छे कर्म करना और आज्ञा का पालन करना पर्याप्त नहीं था। यीशु अपना प्राण दिया ताकि हमें व्यवस्था/आज्ञा की आवश्यकता नहीं पड़े और हमें क्षमा किया जा सके।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. क्या हम सोचते हैं कि हमारे माता-पिता, शिक्षकों, आदि के आज्ञा का पालन करने से परमेश्वर प्रसन्न होंगे और हमें अनन्त जीवन मिलेंगे? **इफ़िसियों 2: 8,9** 2. क्या हम भी धनी युवक के समान परमेश्वर के लिए चीजें छोड़ना नहीं चाहकर, उदास चले जाने की गलती करने चाहते है?	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. क्या हम धनी युवक की तरह यह सोचते हैं कि हम धार्मिक हैं और सभी आज्ञाओं को मानते हैं? आज्ञा का पालन अच्छा है लेकिन यह हमें परमेश्वर के साथ संबंध या अनन्त जीवन नहीं देंगें। 2. अनंत जीवन हमें हमारे अच्छे कर्मों से नहीं लेकिन यीशु पर हमारे विश्वास द्वारा प्राप्त होते हैं। प्रभु यीशु हमारे लिए परमेश्वर तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग है।

	B11 – लेवल 3 कहानी 4- मूसा परमेश्वर को निराश करना।	B11 – लेवल 4 कहानी 4- व्यवस्था/आज्ञा परमेश्वर का वचन।
	बाइबल अनुभाग: निर्गमन 32: 1-26 ***मुख्य पद : निर्गमन 32: 26*** **हम सीख रहे की :** 1. इस्राएलियों परमेश्वर की अवज्ञा करना फिर से शुरू किया । 2. परमेश्वर ने उन लोगों पर दया दिखायी जो उनके आज्ञा का पालन किया और उनको दंडित किया जिन्होंने अवज्ञा किया।	***बाइबल अनुभाग: मरकुस 7: 1-23*** ***मुख्य पद : 1 तीमुथियुस 1: 15, रोमियों 5: 8*** **हम सीख रहे की :** 1. फरीसियों ढोंगी थे। 2. परंपरा को परमेश्वर के वचन से अधिक महत्वपूर्ण नहीं होना चाहिए। 3. यीशु ने अपने अनुयायियों को उनके दिल की शुद्धता पर चुनौती दिया।
पहचान कराने	बच्चों से एक समय के बारे में सोचने के लिए कहें जब उन्हें कुछ करने से मना किया गया था लेकिन उन्होंने आदेश न मान के वही किया है। समझाओ कि यहाँ भी वही हुआ है। और इस्राएलियों परमेश्वर को भूल गए और नकली देवताओं की पूजा करने फिर से शुरू किया।	हमारे परिवारों या आराधनालयों की परंपराओं के बारे में सोचिए, इनमें से कुछ अच्छे हो सकते हैं और कुछ बुरा। अच्छी परंपराएं परमेश्वर के वचन पर प्रकाश डालते हैं और हमें सेवा करने और उसकी आज्ञा मानने के लिए प्रेरित करते हैं। लेकिन यह सब परमेश्वर के वचन से कभी भी अधिक महत्वपूर्ण नहीं होना चाहिए।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को** पेश करें **चर्चा करें और समझाएं:** 1. सीनै पर्वत से मूसा के वापस आने की इन्तज़ार करके इस्राएली बेचैन होने लगे। उन्होंने मामलों को अपने हाथों में लिया और अपना खुद का भगवान बनाया। उन्होंने प्रभु के नेतृत्व को एक कृत्रिम मूर्ति के साथ बदल दिया जिसे वे नियंत्रित कर सकते हैं। वे पहले ही दो आज्ञाओं का उल्लंघन कर चुका था। **(निर्गमन 20: 1-5)** 2. उनके अवज्ञा को देखकर परमेश्वर पूरे देश को नष्ट करने के लिए तैयार था। **(32: 10)** लेकिन मूसा ने परमेश्वर से अनुरोध किया और परमेश्वर ने यहाँ दया दिखाया। दया की परिभाषा की व्याख्या करें - हम जिस सजा के लायक हैं उससे क्षमा किए जाना। 3. परमेश्वर ने उन लोगों पर दया दिखायी जो उनका आज्ञा का पालन करने के इच्छुक थे लेकिन दूसरों को उनके अवज्ञा के लिए मार दिए गए। 4. इस्राएलियों को गुमराह करने की नेतृत्व करने के लिए मूसा हारून से निराश था। उसे पता होना चाहिए था कि इस्राएलियों जो कर रहे थे वह गलत है लेकिन इसके बजाय उन्होंने उनकी शिकायतों को सुनकर पूजा करने के लिए सोने का बछड़े को बनाने में उनकी मदद किया। **(32: 22 - 24)** क्या हम भी कई बार गलत काम सिर्फ इसलिए करते है क्योंकि बाकी सब कर रहे है। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 4 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. जब यीशु पृथ्वी पर था, उस समय मूसा द्वारा इस्राएलियों को दिए गए व्यवस्था / आज्ञा का पालन किए जा रहे थे। मगर परंपरा द्वारा हमारे रहन सहन के बारें में कई और कानून और नियम जोड़ा गया था जो परमेश्वर से नहीं था। 2. फरीसियों बहुत ही आलोचनावादी थे और इसलिए यीशु पर जांच करने आए थे। उन्होंने यीशु के शिष्यों की कर्मों के बारें में आलोचना किया और कहा कि वे परमेश्वर के कानून तोड़ रहे थे। 3. फरीसियों ढोंगी थे। उनके कर्म उनके दिल से नहीं सभी को दिखाने के लिए सिर्फ बाह्य थे क्योंकि उनके दिल परमेश्वर से बहुत दूर थे। वे गलत कारणों के लिए आराधना करते थे; क्योंकि वे पवित्र दिखना चाहते थे और अपनी सामाजिक स्थिति में बढ़ाव चाहते थे। 4. यीशु ने फरीसियों को अपने कानूनों का पालन करके परमेश्वर के कानून का पालन नहीं करने की आरोप लगाया। उदाहरणार्थ, माता पिता की देखभाल नहीं करना। परमेश्वर का सम्मान करने के बजाय पवित्र दिखाई देने के लिए कानूनों और परंपराओं को बनाए रखने के लिए परमेश्वर ने फरीसियों को दोष दिया। 5. यीशु ने शिष्यों को एक पवित्र दिल होने का महत्व सिखाया और उन्हें बताया की अगर हम शुद्ध दिल की तलाश नहीं करते हैं तो हमारे जीवन से कैसे दुष्टता और अधर्म के अभिलक्षण बाहर आ सकते है। **(मरकुस 13: 17-19)** **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 4 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	पाठ की समीक्षा करने और उन्हें पूरा करने में उनकी सहायता के लिए आज की कहानी पर बच्चों से प्रश्न पूछें।	बच्चों को **मरकुस 7: 21,22** पढ़के इसकी तुलना फिलिप्पियों 4:8 के साथ करने के लिए कहें। हमारे जीवन में कैसे अभिलक्षण होनी चाहिए? और हम इसे कैसे पा सकते है?
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. जैसे परमेश्वर ने इस्राएलियों के पाप के बावजूद उन पर दया दिखायी, उसी तरह अगर हम गलत काम के लिए माफी मांगते हैं तो परमेश्वर हम पर भी दया दिखाएंगे। 2. परमेश्वर प्रेमपूर्ण है और हमें अपने पापों के लिए दंडित करना नहीं चाहता। इसी लिए उसने अपने पुत्र को हमारे लिए मरने भेजा ताकि हमें वह दंड न हो जिसका हम लायक हैं।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. हमें अपने दिल और अपने उद्देश्यों की स्थिति को देखे बिना, लोगों का न्याय करने और उन पर आरोप लगाने में ज्ल्दबाज़ी नहीं दिखानी चाहिए। 2. फरीसियों की तरह, हमें अपने नियमों और परंपराओं में उलझा हुआ और जीने का एकमात्र तरीका की तरह नहीं देखना चाहिए। यह हमें परमेश्वर को सम्मान और प्यार करने से रोक सकता है। यदि हम किसी भी दुविधा में है, तो हमारे व्यवहार के बारे में मार्गदर्शन के लिए प्रभु यीशु को देखना चाहिए।

	B12 – लेवल 3 कहानी 1- क्रिसमस की ख़ुशी परमेश्वर के वादे।	B12 – लेवल 4 कहानी 1- क्रिसमस की खुशी एक पुत्र का जन्म।
	बाइबल अनुभाग: यशायाह 9: 1-7, मीका 5: 2 ***मुख्य पद : यशायाह 9: 6*** **हम सीख रहे की :** 1. यीशु के जन्म के सैकड़ों वर्ष के पहले ही इसकी भविष्यवाणी की गई थी। 2. बहुत से लोग यीशु के जन्म के लिए उम्मीद कर रहे थे। 3. यीशु लंबे समय से प्रतीक्षित मसीहा है, जो जगत की ज्योति है।	***बाइबल अनुभाग: लूका 1: 26-38; लूका 2: 1-7*** ***मुख्य पद : लूका 1: 35*** **हम सीख रहे की :** 1. यीशु की जन्म सैकड़ों साल पहले किए भविष्यवाणियों की पूर्ति थी। 2. मरियम और युसूफ दुनिया के लिए परमेश्वर की योजना में एक हिस्सा बनने के लिए इच्छुक थे। 3. बैतलहम के लोग यीशु का जन्म की खबर से लगभग अज्ञात थे।
पहचान कराने	बच्चों से पूछें कि क्या वे किसी गर्भवती के बारे में जानते हैं। बच्चों को बताएं कि माता-पिता के लिए बच्चे के आने से 9 महीने पहले कैसे होंगे। भविष्यद्वक्ताओं ने इस्राएलियों को यीशु आने के बारे में बताया था। लेकिन उन्हें इस जन्म के लिए सैकड़ों साल इंतजार करना पड़ा।	बच्चों के साथ चर्चा करें कि हम छुट्टियां,जन्मदिन पार्टियां, विवाह, दोस्तों से मिलने आदि के लिए योजना कैसे बनाते हैं। विचार करें कि जब हमारे योजनाएं गलत होती हैं या हमारी इच्छा के खिलाफ होता है तो हम कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। चर्चा करें कि मरियम के पास युसूफ से शादी करने की योजना थी लेकिन परमेश्वर को उन दोनों के लिए एक अलग योजना थी।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को** पेश करें **चर्चा करें और समझाएं:** 1. छात्रों के साथ चर्चा करें कि एक फ़ुटबाल का खेल शुरू होने से पहले कैसे हम स्कोर के बारें में नहीं जानते। या हम यह नहीं जानते की 40 साल बाद हम क्या कर रहे होंगे। हम भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं। लेकिन यशायाह और मीका ने सैकड़ों साल पहले पृथ्वी पर यीशु के आने कि भविष्यवाणी की थी। 2. भविष्यद्वक्ता यशायाह वह उन लोगों के बारे में बोलता है जो अंधेरे में हैं और जो गहरे अँधेरे में भी चमकने वाले रोशनी देखेंगे। यह जानने के लिए की महान ज्योति कौन है बच्चों को **यूहन्ना 8: 12** देखने के लिए कहें। 3. बच्चों से **मत्ती 4: 14-16** पढ़कर यशायाह में की गई भविष्यवाणियों की सैकड़ों साल बाद पूर्तिकरण देखने के लिए कहे। 4. बच्चों के साथ चर्चा करें कि कैसे दुनिया की उद्धार के लिए परमेश्वर की महान योजना कितना अद्भुत था। इस योजना की पूर्तिकरण के लिए यहूदियों ने सैकड़ों वर्षों का इंतजार किया था। उनमें से कई लोगों का मौत परमेश्वर के जन्म से पहले ही हो गए थे । इस बात पर विचार करें कि यह कितना अद्भुत है कि हमारे पास बाइबल में यीशु के पूरे जीवन का एक खाता है, इसलिए हम खुद उसे अपने उद्धारकर्ता के रूप में जान सकते हैं। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 1 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. परमेश्वर ने जिब्रईल स्वर्गदूत को मरियम को यह बताने के लिए भेजा कि उसके एक बच्चा होगा। मरियम डर गई क्योंकि वह एक कुंवारी है और यह नहीं समझती कि यह कैसे होंगें। लेकिन स्वर्गदूत ने उसे आश्वस्त किया और उसे बताया कि उसे परमेश्वर के अनुग्रह मिला है। **(लूका 1: 26-34)** 2. मरियम शायद यह नहीं समझ पाई कि क्या हो रहा था लेकिन उसे पता था कि उसे सिर्फ परमेश्वर पर भरोसा करना था। **(1:38)** चर्चा करें कि हम उन समाचारों पर प्रतिक्रिया कैसे करेंगे जो पूरी तरह से हमारे जीवन को हमेशा के लिए बदल देंगे। 3. जब मरियम भारी गर्भवती थी तो औगुस्तस के आदेश के अनुसार मरियम और युसूफ को जनगणना के लिए नासरत से बैतलहम जाना पड़ा। चर्चा करें कि कैसे औगस्तस ने सोचा होगा कि वह नियंत्रण में था। लेकिन वास्तव में परमेश्वर पूर्ण नियंत्रण में था, और यह उनके योजना का हिस्सा था है कि प्रभु यीशु का जन्म बैतलहम में होना चाहिए। 4. मीका की भविष्यवाणी को पूरा करने के लिए यीशु का जन्म बैतलहम में हुआ था। **(मीका 5: 2)** गौर करें कि यीशु द्वारा इन भविष्यवाणियों को पूरा करना इतना महत्वपूर्ण क्यों था। 5. यीशु के पैदा होने पर मरियम उसे कपड़े में लपेटकर उसे एक चरनी में रखती है। **(2:7)** 6. चर्चा करें कि कैसे यहूदी अपने प्रतीक्षित राजा के शाही परिवेश में आने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, लेकिन यीशु का जन्म जानवरों के सात होता है। समझाओ कि हमें परमेश्वर को एक निश्चित तरीके से सीमित नहीं करना चाहिए। यह भी यीशु के लिए परमेश्वर की योजना का हिस्सा था। वह मरियम और युसूफ का मार्गदर्शन करके उन्हें आवश्यक सभी चीज़ों के साथ प्रदान कर रहा था। **1 कुरिन्थियों 8:9 पढ़े**। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 1 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	**यशायाह 9: 6,7** पढ़ो और बच्चों के साथ यीशु का वर्णन करते हर एक शीर्षक के बारें में चर्चा करें जो यशायाह ने भविष्यवाणी की थी।	बच्चों से यह कल्पना करने के लिए कहें कि वे मरियम और युसूफ हैं। इस अध्ययन की घटनाओं के आधार पर उनसे मरियम और युसूफ के दृष्टिकोण से एक कहानी लिखने के लिए कहें।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. बच्चों को प्रकाश की विशेषताओं के बारे में सोचने के लिए कहें और कैसे यीशु को जगत का ज्योति कहा जाता है। **(यशायाह 9:2)** 2. बच्चों को जगत का ज्योति के रूप में यीशु को देखने के लिए चुनौती दीजिए। जब हम क्रिसमस के समय की दीप देखते हैं शायद वे हमें याद दिलाएंगे कि यीशु सच्चा प्रकाश है, जिसे हमारे पाप के दंड से बचाने के लिए पृथ्वी पर भेजा गया था।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. इस बात पर विचार करें कि क्या बच्चे अपने जीवन के लिए मरियम की तरह क्या हम परमेश्वर की योजनाओं को स्वीकार करते हैं, भले ही हम उन्हें पूरी तरह से समझ न सकें। 2. हम इस यीशु पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं जिसके लिए लोगों ने इतने लंबे समय तक इंतजार किया था? क्या क्रिसमस के समय हम उसे एक चरनी में एक बच्चे के रूप में देखते हैं? या क्या वे उद्धारकर्ता है जिस के लिए आप रोज़ाना जीना चाहते हैं?

	B12 – लेवल 3 कहानी 2- क्रिसमस की ख़ुशी मरियम के लिए आश्चर्य।	B12 – लेवल 4 कहानी 2- क्रिसमस की खुशी एक उद्धारकर्ता की घोषणा।
	बाइबल अनुभाग: लूका 1: 26-38 ***मुख्य पद : लूका 1: 32*** **हम सीख रहे की :** 1. यीशु के बारे में भविष्यवाणियां पूरी हुईं, यह दर्शाता हुए कि यह परमेश्वर की सार्वभौमिक योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। 2. हम भी मरियम और युसूफ की तरह हमारे जीवन के लिए अपनी योजना बना सकते हैं, लेकिन परमेश्वर की योजना ही हमेशा पूरी होगी।	***बाइबल अनुभाग: लूका 2: 8-20*** ***मुख्य पद : लूका 2: 11*** **हम सीख रहे की :** 1. य्स्वर्गदूत उद्धारकर्ता मसीह के आगमन के बारे में उत्साहित थे। 2. चरवाहा स्वर्गदूतों से खबर सुनने के बाद इस बच्चे यीशु से मिलने के लिए उत्साहित थे। 3. हमें भी यीशु का जन्म भी मनाने के लिए उत्साहित होना चाहिए।
पहचान कराने	बच्चों के साथ चर्चा करें कि हम छुट्टियां,जन्मदिन पार्टियां, विवाह, दोस्तों से मिलने आदि के लिए योजना कैसे बनाते हैं। विचार करें कि जब हमारे योजनाएं गलत होती हैं या हमारी इच्छा के खिलाफ होता है तो हम कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। चर्चा करें कि मरियम के पास युसूफ से शादी करने की योजना थी लेकिन परमेश्वर को उन दोनों के लिए एक अलग योजना थी।	इस बारे में सोचें कि एक बच्चे का जन्म सामान्य रूप से उनके माता-पिता द्वारा या निमंत्रण पत्र द्वारा कैसे घोषित किया जाता है। वह पल बहुत ही खुशी से भरा होता है। समझाओ कि यीशु कैसे एक सामान्य बच्चा नहीं था, इसलिए उसका जन्म का घोषणा भी सामान्य तरीके से नहीं किया जाएगा। याद रखें कि वह साधारण लोगों के पास आया था इसलिए चरवाहे ने उनके जन्म के बारे में सबसे पहले सुना।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को** पेश करें **चर्चा करें और समझाएं:** 1. परमेश्वर ने जिब्रईल स्वर्गदूत को मरियम को यह बताने के लिए भेजा कि उसके एक बच्चा होगा भले ही वह एक कुवांरी है। **(पद 31)** 2. मरियम डर गई क्योंकि वह नहीं समझती कि यह कैसे होंगें। लेकिन स्वर्गदूत ने उसे आश्वस्त किया और उसे बताया कि उसे परमेश्वर के अनुग्रह मिला है। और परमेस्वर से कुछ भी असंभव नहीं है। **(पद 34-37)** बच्चों के साथ चर्चा करें इसका मतलब क्या है। 3. महत्वपूर्ण तथ्यों को इंगित करें कि मरियम गलील से थी और युसूफ दाऊद के वंशज थे। बच्चों के साथ चर्चा करें कि यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है; भविष्यवक्ताओं ने कहा कि यह आने वाला मसीहा गलील से आएगा **(यशायाह 9: 1)** और दाऊद के वंशज होंगे। **(यशायाह 9: 7)** ये तथ्य सभी भविष्यवाणियों को पूरा करने वाली एक बड़ी कार्य का हिस्सा था। 4. मरियम शायद यह नहीं समझ पाई कि क्या हो रहा था लेकिन उसे पता था कि उसे सिर्फ परमेश्वर पर भरोसा करना था। **(पद 38)** चर्चा करें कि हम उन समाचारों पर प्रतिक्रिया कैसे करेंगे जो पूरी तरह से हमारे जीवन को हमेशा के लिए बदल देंगे। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 2 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. जिस रात यीशु पैदा हुआ था चरवाहा अपनी भेड़ों का पहरा देते थे। बताएं कि आम तौर पर रात में भेड़ों का पहरा देना चरवाहों के लिए काफी शान्त और मन्द हुए होंगे। **(पद 8)** 2. लेकिन इस रात कुछ अद्भुत हुआ। एक स्वर्गदूत उन्हें दिखाई दिया और वे सभी डरे हुए थे। बच्चों से पूछें कि उनके साथ ऐसे कुछ होने से वे कैसा महसूस करेंगे। **(पद 9)** 3. स्वर्गदूत उन्हें यह बताने आया था कि उद्धारकर्ता-यीशु का जन्म हुआ था। **(पद 11)** 4. तब उस स्वर्गदूत के साथ और भी स्वर्गदूतों ने धरती पर प्रभु यीशु के आगमन का जश्न मनाते परमेश्वर की स्तुति करते प्रकट हुए। यह बताएं कि भेड़ों के साथ अंधेरे में चरवाहों के लिए यह दृष्टि कितनी शानदार हुए होंगे। **(पद 13, 14)** 5. जब स्वर्गदूत उनके पास से चले गए, चरवाहों ने से इस बच्चे को देखने के लिए जल्दी निकल पड़े। चर्चा करें की उस वक्त वे कैसे महसूस कर रहे थे; शायद उन्होंने सोचा कि यह सब उनकी कल्पना थी या फिर स्वर्गदूत ने गलत सन्देश दिया था। 6. उन्होंने बच्चे को उसी तरह पड़ा देखा जैसे स्वर्गदूत ने वर्णन किया था। **(पद 16)** उन्होंने परमेश्वर की प्रशंसा और महिमा की और हर किसी को पैदा हुए उद्धारकर्ता के बारे में बताने लगा। **(पद 17 - 20)** 7. इस बारे में सोचें की इस बच्चे को देखने के लिए चरवाहे कितने उत्साहित थे। उन्होंने तुरंत ही लोगों को उनके बारे में बताने लगे। और दूसरों के साथ सुसमाचार साझा करना चाहता था। **मख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 2 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	स्वर्गदूत जिब्रईल ने मख्य पद में दिया उन सभी वादे का एक सूची बनाएं। हम इस पद से आने वाले राजा और वह क्या करने आया है इसके बारे में क्या सीखते हैं। क्या हम वास्तव में विश्वास करते हैं कि ये वादे यीशु के बारे में हैं?	इस जन्म घोषणा की कल्पना करके इसकी एक तस्वीर बनाएं, मुख्य पद में जो स्वर्गदूत ने कहा उसे भी इस तस्वीर में शामिल करें।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. क्या हम मरियम की तरह परमेश्वर की योजनाओं को स्वीकार करते हैं, भले ही हम उन्हें पूरी तरह से समझ न सकें। 2. हम इस यीशु पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं जिसके लिए लोगों ने इतने लंबे समय तक इंतजार किया था? 3. क्या भले ही हमारे जीवन में चीजें हमारी योजनाओं के अनुसार नहीं जाती हैं, फिर भी क्या हम परमेश्वर पर भरोसा करने के लिए तैयार हैं?	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. क्या हम यीशु के बारे में दूसरों को बताने के लिए चरवाहों की तरह उत्साहित हैं? क्या आप वास्तव में सोचते हैं कि उनका जन्म उतना ही अद्भुत है जितना उन्होंने सोचा था? 2. क्या हम सही कारणों के लिए क्रिसमस मनाते हैं? क्या हमारे लिए क्रिसमस सिर्फ उपहार और पार्टियां के बारे में है या क्या हम अपने उद्धारकर्ता के रूप में यीशु की आगमन को मानते है?

	B12 – लेवल 3 कहानी 3- क्रिसमस की ख़ुशी यीशु का जन्म।	B12 – लेवल 4 कहानी 3- क्रिसमस की खुशी एक महाराजा की आराधना।
	बाइबल अनुभाग: लूका 2: 1-7 *मुख्य पद : 2 कुरिन्थियों 8: 9* **हम सीख रहे की :** 1. बैतलहम के लोग यीशु का जन्म की खबर से लगभग अज्ञात थे। 2. यीशु, परमेश्वर का पुत्र वास्तव में मनुष्य था। 3. उनके जन्म सैकड़ों साल पहले लिखी भविष्यवाणियों को पूरा किया।	*बाइबल अनुभाग: मत्ती 2: 1-12* *मुख्य पद : मत्ती 2: 11* **हम सीख रहे की :** 1. जब यीशु पैदा हुआ, तो कुछ ने उनका स्वागत किया जबकि कई लोगों ने नहीं किया। 2. परमेश्वर यीशु, मरियम और यूसुफ की देखभाल कर के सुरक्षित रख रहे थे।
पहचान कराने	बच्चों के साथ चर्चा करें कि अगर राजा या रानी उनके शहर आ रहे थे तो क्या करेंगे। शायद बहुत उत्साहित होंगे या बहुत सारे उत्सव मनाएंगे। लेकिन जब यीशु का जन्म की खबर से लोग लगभग अज्ञात थे। सराय में उसके लिए एक कमरा भी नहीं था और उसका बिस्तर एक चरनी था।	बच्चों से यह सोचने के लिए कहें कि एक बच्चे के जन्म के अबसर में हम क्या करते हैं। विचार करें कि हम उन्हें उपहार कैसे खरीदते हैं, उन्हें मिलने जाते हैं, बच्चे को उठाते है। समझाओ कि यह खुशियों का एक समय है।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को** पेश करें **चर्चा करें और समझाएं:** 1. मरियम और यूसुफ को जनगणना के लिए नासरत से बैतलहम जाना पड़ा। विचार करें की खासकर उन दिनों एक गर्भवती महिला के लिए यह लंबी यात्रा कितनी थकाऊ होगी। **(पद 1-4)** 2. यह जनगणना कैसर औगस्तस के आदेश पर हो रहा था। चर्चा करें कि कैसे औगस्तस ने सोचा होगा कि वह नियंत्रण में था। लेकिन वास्तव में परमेश्वर पूर्ण नियंत्रण में था, और यह उनके योजना का हिस्सा था। 3. जब वे वहां थे, यीशु एक घुड़साल में जानवरों के बीच पैदा हुआ था और उन्हें एक चरनी में रखा गया। **(पद 7)** 4. मीका की भविष्यवाणी को पूरा करने के लिए यीशु का जन्म बैतलहम में हुआ था। **(मीका 5: 2)** गौर करें कि यीशु द्वारा इन भविष्यवाणियों को पूरा करना इतना महत्वपूर्ण क्यों था। 5. चर्चा करें कि एक राजा के जन्म के लिए यह एक सामान्य दृश्य नहीं था, लेकिन यह प्रभु यीशु के लिए परमेश्वर की योजना का हिस्सा था। वह मरियम और युसूफ का मार्गदर्शन करके उन्हें आवश्यक सभी चीज़ों के साथ प्रदान कर रहा था। 6. चर्चा करें कि कैसे यहूदी अपने प्रतीक्षित राजा के शाही परिवेश में आने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, लेकिन यीशु का जन्म जानवरों के सात होता है। समझाओ कि हमें परमेश्वर को एक निश्चित तरीके से सीमित नहीं करना चाहिए। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 3 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. यीशु के जन्म के समय हेरोदेस राजा था। 2. ज्योतिषियों ने पूर्व से यात्रा और तारा को देखा जिससे उन्हें यह पता चला कि एक नया राजा पैदा हुआ है। उन्होंने राजा हेरोदेस से पूछा कि यह राजा कौन था। **(पद 1, 2)** 3. राजा हेरोदेस इस खबर से परेशान था कि अब एक और राजा हो सकता है जो सिंहासन पर अपना स्थान ले सकता था। इसलिए क्योंकि वह जन्म से इस्राएल का वैध राजा नहीं था, जैसा कि प्रभु यीशु था। इसलिए हेरोदेस इस राजा के जन्म से शक्की था। **(पद 3)** 4. उसने ज्योतिषियों से कहा कि वह इस राजा को ढूंढें ताकि वह जाकर उसकी प्रणाम कर सके। लेकिन हेरोद वास्तव में बच्चे को मारने की योजना बना रहा था। **(पद 7,8)** 5. ज्योतिषियों ने तारे का पीछा किया और बच्चे को अपने घर में पाया। जब वे पहुंचे तो शायद वह एक या दो साल का था। जब उन्होंने उसे देखा तो वे बहुत खुश हुए और उन्हें प्रणाम किया। फिर वे उसे सोने, लोबान और गन्धरस का उपहार दिया। **(पद 10,11)** 6. परमेश्वर ने ज्योतिषियों से सपने में राजा हेरोदेस से बचने के लिए एक अलग रास्ते से घर जाने के लिए कहा था, क्योंकि वह यीशु को मारना चाहता था। उन्होंने परमेश्वर का आदेश का पालन करके यीशु की रक्षा के लिए अपना मार्ग बदल दिया। **(पद 12)** 7. यीशु के जन्म पर हेरोदेस और ज्योतिषियों के विपरीत प्रतिक्रिया पर चर्चा करे। ज्योतिषियों ने यीशु को दुनिया के उद्धारक, मसीहा के रूप में पहचाना, जबकि हेरोदस ने यीशु को अपने सिंहासन के लिए एक खतरे के रूप में देखा। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 3 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	यीशु के जन्म की घोषणा करने के लिए स्थानीय बैतलहेम की समाचार पत्र के लिए एक लेख लिखें।	आज के अध्ययन पर पाठ की समीक्षा करने और अध्ययन 3 की मदद करने के लिए बच्चों से प्रश्न पूछें।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. जब यीशु पैदा हुए थे तब लोगों ने वास्तव में यीशु पर ध्यान नहीं दिया था क्योंकि वे उसके बारे में जानते नहीं थे। लेकिन अब हम उसके बारे में जानते हैं लेकिन क्या हम उन पर ध्यान देते हैं? क्या क्रिसमस के समय हम उसे एक चरनी में एक बच्चे के रूप में देखते हैं? या क्या वे उद्धारकर्ता है जिस के लिए आप रोज़ाना जीना चाहते हैं? 2. यीशु ने मनुष्य बन कर हमारे पापों के लिए क्रूस पर मरा। क्या हम वास्तव में इसकी महानता को समझते हैं।	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. क्या हम इस कहानी की ज्योतिषियों को पसंद करते हैं? क्या हम प्रभु यीशु की आराधना करके उसे उपहार देने के लिए खोजते हैं? या क्या हम उम्मीद करते हैं कि परमेश्वर हमें उपहार दे और हमारी मदद करें और हम उसके बदले में कुछ भी न दे। 2. जो बुद्धिमान हैं वे आज भी यीशु की आराधना उनसे कुछ प्राप्त करने के लिए नहीं बल्कि उनकी महानता के लिए करते है।

	B12 – लेवल 3 कहानी 4- क्रिसमस की ख़ुशी स्वर्गदूत का सन्देश।	B12 – लेवल 4 कहानी 4- क्रिसमस के चमत्कार उद्धार।
	बाइबल अनुभाग: लूका 2: 8-20 ***मुख्य पद : लूका 2: 11*** **हम सीख रहे की :** 1. स्वर्गदूत उद्धारकर्ता मसीह के आगमन के बारे में उत्साहित थे। 2. चरवाहा स्वर्गदूतों से खबर सुनने के बाद इस बच्चे यीशु से मिलने के लिए उत्साहित थे। 3. हमें भी यीशु का जन्म भी मनाने के लिए उत्साहित होना चाहिए।	***बाइबल अनुभाग: लूका 2: 25-40*** ***मुख्य पद : यशायाह 7: 14*** **हम सीख रहे की :** 1. यीशु के आगमन पर लोग लोग बहुत खुश थे। 2. यीशु के लिए मिश्रित प्रतिक्रियाएं होंगी। लोग या तो खुशी से यीशु को स्वीकार करने जा रहे थे या वे पूरी तरह से उसे अस्वीकार करेंगे। 3. प्रभु यीशु दुनिया में एक प्रकाश के लिए भेजा गया परमेश्वर का उद्धार है।
पहचान कराने	इस बारे में सोचें कि एक बच्चे का जन्म सामान्य रूप से उनके माता-पिता द्वारा या निमंत्रण पत्र द्वारा कैसे घोषित किया जाता है। वह पल बहुत ही खुशी से भरा होता है। समझाओ कि यीशु कैसे एक सामान्य बच्चा नहीं था, इसलिए उसका जन्म का घोषणा भी सामान्य तरीके से नहीं किया जाएगा।	नौ महीने तक इन्तज़ार करने के बाद जब कोई बच्चा पैदा होता है तो बहुत ख़ुशी होती है। समझाओ कि जिन लोगों के बारें में हम इस अध्याय में सीखने जा रहे हैं, उन्होंने इस बच्चे से मिलने के लिए अपने पूरे जीवन इंतजार किया था। और आखिर में उनसे मिलने से वे बेहत कुश हुए होंगे।
पूरा करने	**बाइबल कहानी को** पेश करें **चर्चा करें और समझाएं:** 1. जिस रात यीशु पैदा हुआ था चरवाहा अपनी भेड़ों का पहरा देते थे। बताएं कि आम तौर पर रात में भेड़ों का पहरा देना चरवाहों के लिए काफी शान्त और मन्द हुए होंगे। **(पद 8)** 2. लेकिन इस रात कुछ अद्भुत हुआ। एक स्वर्गदूत उन्हें दिखाई दिया और वे सभी डरे हुए थे। बच्चों से पूछें कि उनके साथ ऐसे कुछ होने से वे कैसा महसूस करेंगे। **(पद 9)** 3. स्वर्गदूत उन्हें यह बताने आया था कि उद्धारकर्ता-यीशु का जन्म हुआ था। **(पद 11)** 4. तब उस स्वर्गदूत के साथ और भी स्वर्गदूतों ने धरती पर प्रभु यीशु के आगमन का जश्न मनाते परमेश्वर की स्तति करते प्रकट हुए। यह बताएं कि चरवाहों के लिए यह दृष्टि कितनी शानदार हुए होंगे। **(पद 13, 14)** 5. जब स्वर्गदूत उनके पास से चले गए, चरवाहों ने से इस बच्चे को देखने के लिए जल्दी निकल पड़े। चर्चा करें की उस वक्त वे कैसे महसूस कर रहे थे; शायद उन्होंने सोचा कि यह सब उनकी कल्पना थी या फिर स्वर्गदूत ने गलत सन्देश दिया था। 6. उन्होंने बच्चे को उसी तरह पड़ा देखा जैसे स्वर्गदूत ने वर्णन किया था। (पद 16) उन्होंने परमेश्वर की प्रशंसा और महिमा की और हर किसी को पैदा हुए उद्धारकर्ता के बारे में बताने लगा। **(पद 16,17)** 7. इस बारे में सोचें की इस बच्चे को देखने के लिए चरवाहे कितने उत्साहित थे। उन्होंने तुरंत ही लोगों को उनके बारे में बताने लगे। और दूसरों के साथ सुसमाचार साझा करना चाहता था। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम पाठ 4 को पूरा करें।**	**बाइबल की कहानी को प्रस्तुत करें।** **चर्चा और व्याख्या करें।** 1. शमौन एक ऐसा व्यक्ति था जिसने परमेश्वर आज्ञा का पालन श्रद्धापूर्वक करके उन पर भरोसा किया। **(पद 25)** 2. पवित्र आत्मा ने शमौन से वादा किया है कि वह मरने से पहले प्रतीक्षित मसीहा को देखेगा। **(पद 26)** चर्चा करें कि कैसे उसकी बुढ़ापे में शमौन कैसे महसूस किया होगा यह सोचकर कि क्या यह सम्बव होगा की नहीं। 3. एक दिन, शमौन मंदिर में था जब मरियम और यूसुफ शिशु यीशु के साथ पहुंचे, उसने बहुत खुश होकर परमेश्वर की प्रशंसा की और बच्चे को आशीर्वाद दिया। 4. **लूका 2:34** में, शमौन ने कहा कि वह कई लोगों के लिए एक खुशी होगी लेकिन कई लोग उनका विरोध करेंगे। इस बात का पता लगाएं कि इसका क्या मतलब है। 5. हन्ना, एक भविष्यवक्ता, भी उस समय मंदिर में थी और वह हमेशा मंदिर में रहकर प्रार्थना और उपवास करती थी। **(पद 36,37)** 6. जब उसने बच्चे यीशु को देखा उसने परमेश्वर की प्रशंसा की और हर किसी को उसके बारे में बताना शुरू किया। **(पद 38)** 7. यीशु अपने माता-पिता के साथ घर गया और बुद्धि में बढ़ा और परमेश्वर उससे प्रसन्न थे। समझाओ कि कैसे यीशु अन्य बच्चों से अलग था। 8. गौर करें कि मरियम और यूसुफ ने अपने बच्चे के बारें में शमौन और हन्नाह ने दिए प्रतिक्रिया से कैसे महसूस किए होंगे। **मुख्य पद को समझाएं और बच्चों को इसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। बाइबल टाइम अध्याय 4 को पूरा करें।**
पुनरवलोकन करने	इस जन्म घोषणा की कल्पना करके इसकी एक तस्वीर बनाएं, मुख्य पद में जो स्वर्गदूत ने कहा उसे भी इस तस्वीर में शामिल करों।	अपने बच्चे को लेकर मरियम और यूसुफ बहुत खुश हुए होंगे। मुख्य पद सीखें और चर्चा करें कि कैसे यह पद आज के अध्ययन को सारांशित करती है।
पालन करने	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. क्या हम यीशु के बारे में दूसरों को बताने के लिए चरवाहों की तरह उत्साहित हैं? क्या आप वास्तव में सोचते हैं कि उनका जन्म उतना ही अद्भुत है जितना उन्होंने सोचा था? 2. क्या हम सही कारणों के लिए क्रिसमस मनाते हैं? क्या हमारे लिए क्रिसमस सिर्फ उपहार और पार्टियां के बारे में है या क्या हम अपने उद्धारकर्ता के रूप में यीशु की आगमन को मानते है?	**यह पाठ हमें कैसे चुनौती देता है:** 1. शमौन और हन्ना परमेश्वर के सच्चे भक्त थे। क्या हम अपने जीवन परमेश्वर को समर्पित करते हैं? क्या हम प्रार्थना करते हैं और हमारे बाइबल पढ़ते हैं? 2. मुख्य पद में, यह कहता है कि यीशु का नाम इम्मानुएल रखना है, जिसका अर्थ है 'परमेश्वर हमारे साथ' अगर हम इस सत्य पर विश्वास करते है तो हम अपने जीवन कैसे जीएंगें?

पाठ को अंकन करने शिक्षको केलिए मार्गदर्शन

लेवल 3 पाठ:

- हर हफ्ते एक/दो पन्ने को मुख्य रूप से रंग भरने या सवालों के जवाब देने।
- हर हफ्ते 10 अंक निर्धारित किए है और एक महीने में अधिकतम 40 अंक।
- लेवल 1 के बच्चों को अक्सर पढने में तकलिफ हो सकता है इसलिए हम चाहते है कि माता-पिता/ रक्षक/शिक्षक उनके सहायता करे।
- हम हर सवाल केलिए 2 अन्क निर्धारित किए है और शेष अन्क रंग भरने केलिए ऐक अध्याय केलिए 10 अन्क।

लेवल 4 पाठ:

- हर हफ्ते 4 पन्ने।
- कहानी पाठ में ही निहित है। बच्चों को पहेली सुलझाने, रंग भरने, मुख्य पद को पूरा करना है।
- 20 अन्क हर हफ्ते केलिए निर्धारित है और एक महीने केलिए अधिकतम 80 अन्क।

बाइबल टाइम के मार्किन्ग

निर्देश:

शिक्षक पहले:

- पाठ को जाँच कर चिन्हित करे।
- निर्देश अनुसार आवश्यक अन्क है।
- गलत जवाब के पास चिन्हित करे और सही जवाब भी लिखे।
- आन्शिक रूप से सही उत्तर केलिए एक अन्क दे।
- एक महीने के कुल अन्क के दिए हुए जगह में लिखो।

© Bible Educational Services 2020
www.besweb.com